खास बात

*इतना कमजोर मत बनो कि कोई आपको तोड़ सके, बल्कि इतना मजबूत बनो कि आप को तोड़ने वाला खुद ही टूट जाए।*
*- श्रीमद्भगवद्गीता*

।। श्री हरिः ।।

नमामि देवी नर्मदे

# अमृत दर्शन

RNI No. MPHIN /2004 /13927
वर्ष - 22 अंक - 237
नर्मदापुरम
शनिवार, 13 जून 2026
● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपया
Website : www.amritdarshan.com

नर्मदापुरम का प्रथम हिन्दी दैनिक


## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय शूटिंग के स्वर्ण युग का अंत... जसपाल राणा नहीं रहे



**नई दिल्ली।** भारतीय शूटिंग के दिग्गज और मशहूर कोच जसपाल राणा का शुक्रवार को 49 साल की उम्र में निधन हो गया। बता दें कुछ दिन पहले तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया था।। भारत के पिस्टल शूटर्स के लिए हाई-परफॉर्मेंस कोच के तौर पर काम कर रहे राणा को म्यूनिख (जर्मनी) में ह्वस्स्न वर्ल्ड कप से भारत लौटते समय बेचैनी महसूस हुई थी। दिल्ली पहुंचने के बाद उन्हें साकेत के मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चला। 12 जून को नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया ने उनके निधन की पुष्टि की। भारत के सबसे प्रतिष्ठित पिस्टल शूटरों में से एक जसपाल राणा ने 1990 के दशक में इंटरनेशनल लेवल पर अपनी एक खास पहचान बनाई। उन्होंने एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और एशियन चैंपियनशिप में कई पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया। उस दौर में जब भारत में शूटिंग जैसे खेल को उतनी लोकप्रियता नहीं मिली थी, राणा ने अपने शानदार प्रदर्शन से शूटिंग की दुनिया में अपनी अलग पहचान बनाई थी।

### राहुल गांधी बोले- 'मैं भगवान शिव की तरह विष पी रहा हूं'



**नई दिल्ली।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने इंडी गठबंधन की हालिया बैठक में विपक्षी एकता, राजनीतिक रणनीति और गठबंधन की चुनौतियों को लेकर खुलकर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने सहयोगी दलों को एकजुटता का संदेश देते हुए कहा कि भाजपा का मुकाबला तभी संभव है, जब विपक्ष मिलकर रणनीति बनाए और जमीनी हकीकत को समझे। राहुल गांधी ने बैठक के दौरान ये भी कहा है कि उनका काम भगवान शिव की तरह विष पीने का है। राहुल गांधी ने सहयोगी दलों से कहा- 'आज कांग्रेस पार्टी के बारे में जो बातें कही गईं, उनका जवाब देना मेरा काम नहीं है।

## अंतर्मना उवाच

### *जुनून और सुकून के बिना, कोई भी काम सफल नहीं होता..!*

***एक धनपति** तीर्थ यात्रा के लिए निकला। वह बहुत चुस्त-दुरुस्त, चतुर और होशियार व्यक्ति था। यात्रा के दौरान ट्रेन में उसकी सामने वाली बर्थ पर बैठे **एक यात्री** से पहचान हुई। बातचीत में उस यात्री ने कहा - मैं भी पहली बार तीर्थ यात्रा पर निकला हूँ। फिर खुशी से बोला.. चलो, अब हम एक से दो हो गये। आपकी संगति से मेरी यात्रा भी सफल हो जायेगी। उसने आगे कहा.. यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की सेवा हो, तो अवश्य बताइयेगा। इस बहाने हमें भी सेवा करने का अवसर और तीर्थ का पुण्य मिल जायेगा।*

***इस प्रकार यात्रा आगे बढ़ती रही।** धनपति जब भी कुछ खाता-पीता या नाश्ता करता, उस व्यक्ति को भी साथ खिलाता-पिलाता। वह यात्री भीतर ही भीतर बहुत प्रसन्न था - **ऐसा मोका फिर कहाँ मिलेगा।***

*दरअसल, **वह यात्री एक शातिर चोर था,** जो धनपति के पीछे-पीछे केवल चोरी करने के उद्देश्य से चल रहा था। वह इसी फिराक में रहता कि आखिर धनपति अपना रुपयों से भरा बटुआ कहाँ रखता है। धनपति प्रतिदिन उसी के सामने बटुए से पैसे निकालकर पेमेंट करता था। जब भी धनपति स्नान या बाथरुम के लिए जाता, वह चोर उसका बटुआ ढूँढ़ने में लग जाता, परंतु उसे कभी सफलता नहीं मिली।*



मंगल विहार के दौरान विघालय प्रांगड़, जालिमपुरा, तह. सज्जनगढ, (बाँसवाडा)। 42डिग्री तापमान में, 60 मिनिट का उत्कृष्ठ तप करते तपस्वी सम्राट अंतर्मना आचार्य श्री 108 प्रसन्न सागरजी महाराज

*यात्रा समाप्त होने पर वह व्यक्ति धनपति के चरणों में गिर पड़ा और बोला - **सेठ जी, मुझे क्षमा कर दीजिये। मैं एक चोर हूँ।** आपका धन चुराने के लिए ही इस यात्रा में आपके साथ रहा, लेकिन हजार प्रयासों के बाद भी असफल रहा। कृपा करके यह तो बताइये कि आप अपना बटुआ कहाँ छिपाते थे..? धनपति ने हँसते मुस्कुराते हुये कहा - **मैं जब भी स्नान या बाथरुम करने जाता था, तब अपना बटुआ आपके तकिये के नीचे छिपा देता था।** आप उसे बाहर हर जगह खोजते रहे, जबकि मेरा धन आपके ही पास सुरक्षित रखा रहता था।*

***सच ही कहा गया है मित्रों - जितनी आकर्षक यह बाहरी दुनिया है, उससे कहीं अधिक अद्भुत और रोमांचक हमारी भीतरी दुनिया है।** भीतर झाँकने के लिए मन की आँखों की आवश्यकता होती है। और यह तभी संभव है, जब मनुष्य विचारों के शोर से मुक्त होकर शांत चित्त से बैठना सीखता है।*

*हमारे भीतर बहुत कुछ छिपा है, जब वह उद्घाटित होता है तो हमें आश्चर्यचकित कर देता है। **जिस सुख, शांति, प्रेम और आनंद को हम बाहर खोजते फिरते हैं, उससे कहीं अधिक हमारे भीतर भरा पड़ा है। आवश्यकता उसे बाहर खोजने की नहीं, बल्कि भीतर खोदने की है...!!!***

■ अंतर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज

# कांग्रेस को अपने नेता-कार्यकर्ताओं व जनता पर भी भरोसा नहीं है : डॉ. मोहन यादव



**भाजपा ने राज्यसभा की तीनों सीट जीतकर फिर एक बार इतिहास रचा है : डॉ. महेन्द्र सिंह**

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर राज्यसभा के तीनों नवनिर्वाचित सांसदों के विजय उत्सव में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं दीं व नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद रजनीश अग्रवाल एवं महेश केवट का मुंह मीठा कराकर कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।

सीएम ने कहा कि कांग्रेस की राज्यसभा प्रत्याशी मीनानटराजन के नामांकन में अपराध की जानकारी छिपाना कांग्रेस का पूर्व नियोजित षड्यंत्र है। कांग्रेस पार्टी और उसके नेताओं ने राज्यसभा चुनाव में संभावित हार से बचने और भाजपा को बदनाम करने के लिए नामांकन में जानबूझकर गलती की थी। कांग्रेस के नेता नहीं चाहते थे कि नटराजन राज्यसभा में पहुंचें, इसलिए जानबूझकर नामांकन पत्र में अपराध की जानकारी छिपाई गई। कांग्रेस को अपने नेता-कार्यकर्ताओं व जनता पर भी भरोसा नहीं है। भाजपा अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि राज्यसभा के निर्वाचन में सत्य की जीत हुई है। निर्वाचन अधिकारी ने अपराध की जानकारी छिपाने की जिस गलती के कारण कांग्रेस प्रत्याशी का नामांकन निरस्त किया था, आज सर्वोच्च न्यायालय ने भी उस पर मुहर लगा दी है।

### राज्यसभा के चुनाव में कांग्रेस का बड़ा झूठ पकड़ा गया

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के लिए राज्यसभा बड़े लोगों व नेताओं के लिए होती है, लेकिन भाजपा में सामान्य से सामान्य कार्यकर्ता को उच्च सदन भेजा जा रहा है। मप्र ने संत-महंत समुदाय के उमेश नाथ महाराज, मां नर्मदा की बेटी श्रीमती माया नारोलिया, कर्मठ कार्यकर्ता रजनीश अग्रवाल एवं अति पिछड़े समुदाय से आने वाले महेश केवट को राज्यसभा भेजा है। कांग्रेस हमेशा से झूठ बोलती आ रही है, लेकिन इस बार उसका झूठ पकड़ा गया। कांग्रेस की तेलंगाना की एक महिला कार्यकर्ता के साथ हुए अपराध में न्याय नहीं दिला पाने वाली कांग्रेस भाजपा पर अनर्गल आरोप लगाती है।

### सीएम ने गृह मंत्रालय की समीक्षा बैठक में पुलिस अधिकारियों की ली 'परेड'

# बेहतर कानून व्यवस्था के लिए वरिष्ठ अधिकारी भी रहें मुस्तैद : मुख्यमंत्री

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बदलते दौर में पुलिस बल को नई चुनौतियों से निपटने के लिए व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाए जाएंगे। अपराधों के अन्वेषण का दायित्व निभाने वाले विवेचना अधिकारियों को अन्वेषण भत्ता भी मिले, इस दृष्टि से अन्य राज्यों में लागू व्यवस्थाओं का अध्ययन किया गया है। इस क्षेत्र में अपराध स्थल पर त्वरित पहुंच, सुरक्षा व्यवस्था, साक्ष्य संकलन, अभियुक्त गवाह और पीड़ित के परिवहन, भोजन आदि के साथ फोटोग्राफी - वीडियोग्राफी, डिजिटल साक्ष्य संग्रह, न्यायलीन प्रक्रिया से जुड़े आकस्मिक खर्च देखते हुए मप्र में अन्वेषण भत्ता लागू किए जाने पर गंभीरता से विचार किया जा रहा है। सीएम ने बैठक में निर्देश दिए कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत रहे, इसके लिए वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर आरक्षक स्तर तक सजगता और सक्रियता से भूमिका निभाई जाए।



'शिक्षा केंद्रों के निकट छेड़छाड़ की घटनाएं न हों, महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गंभीर रहें'

सीएम ने मंत्रालय में गृह विभाग की समीक्षा में कहा कि सायबर अपराधों की बढ़ती संख्या को देखते हुए गृह विभाग द्वारा आईटी कंसल्टेंट की सेवाएं लेने का कार्य प्राथमिकता से किया जाए। बैठक में सिंहस्थः 2028 के लिए भीड़ प्रबंधन, कानून व्यवस्था, वीआईपी सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और आपदा प्रबंधन के उद्देश्य से आवश्यक पुलिस बल की व्यवस्था पर चर्चा हुई। सीएम ने कहा कि सिंहस्थ की दृष्टि से विभिन्न कंट्रोल रूम तथा अन्य व्यवस्थाओं को इस तरह पूर्ण किया जाए ताकि उनका स्थाई महत्व और प्रभाव रहे। उज्जैन में अनेक बाबा महाकाल मंदिर सहित देव स्थान हैं। सभी व्यवस्थाओं को तात्कालिक के स्थान पर स्थायी अधोसंरचना के रूप में विकसित किया जाए। उन्होंने बसंत पंचमी और हाल ही में भोजशाला से संबंधित प्रसंग में पुलिस बल की सजग सक्रिय भूमिका के लिए वरिष्ठ अधिकारियों और फोर्स के अन्य सदस्यों को बधाई दी।

### सीएम के प्रमुख निर्देश

- पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुदृढ़ रहे, इसके लिए अधिकारी मुस्तैद रहें।
- शिक्षा केंद्रों के निकट छेड़छाड़ की घटनाएं न हों, महिलाओं की सुरक्षा के प्रति गंभीर रहें।
- गौवंश रक्षा पर पूरा ध्यान दें, उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त एक्शन हो।
- भू-माफिया के विरूद्ध कार्यवाही सख्त हो। अपराधियों की सम्पत्ति कुर्क करने में पीछे न रहें। अपराधियों पर निरंतर नजर रखी जाएं। मुखबिर तंत्र सशक्त होना चाहिए।
- राज्य में ई-चालान व्यवस्था और ई-साक्ष्य जैसे उपायों का अधिक से अधिक प्रयोग करें। आईटी के अधिकतम प्रयोग से अपराधों के नियंत्रण और जांच कार्य में आसानी लाएं जिससे कि मध्यप्रदेश इस क्षेत्र में अग्रणी बने।
- प्रतिदिन ग्रामों से दूध, सब्जी आदि लाने वाले किसानों को कृषक कल्याण वर्ष में जीवन रक्षा के लिए हेलमेट प्रदान किए जा रहे हैं। पुलिस विभाग ऐसे अभिनव प्रयोग में सहयोगी बने और दुर्घटनाओं से बचाव के लिए उपयोगी हेलमेट के इस्तेमाल के लिए नागरिकों को जागरूक करने का अभियान जारी रखे।

### दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में हादसा

# बिल्डिंग में लगी भीषण आग, 3 लोगों की मौत, 6 को बचाया

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**



दिल्ली में तुगलकाबाद इलाके में बीती रात एक बिल्डिंग में लगी आग में तीन लोगों की मौत हो गई. यहां लगी आग में कई लोगों के फंसे होने की जानकारी सामने आई थी. जिसके बाद मौके पर चले रेस्क्यू ऑपरेशन में 6 लोगों को सुरक्षित निकाला गया. लेकिन तीन लोगों की जान नहीं बचाई जा सकी. मालूम हो कि दिल्ली में बीते कुछ समय से घर, मकान, होटलों में लग रही आग से कई लोगों की मौत हुई है. दिल्ली के साकेत इलाके में चल रहे होटल फ्लोरिश इन में लगी आग में 21 लोगों की मौत हो गई थी. जिसमें कई विदेशी भी थे. अब तुगलकाबाद इलाके में लगी आग में भी तीन लोग जिंदा जल गए.

घटनास्थल से सामने आए वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि घर के कई सामान बुरी तरह से जले नजर आ रहे हैं. सीढ़ियों पर भी आग के निशान नजर आ रहे है. फिलहाल इस हादसे में किन लोगों की मौत हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आई है. मृतकों के पहचान और आग लगने के विस्तृत कारणों की जानकारी का इंतजार है.

दमकल विभाग के अनुसार रेस्क्यू किए गए 8 लोगों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया था. सफदरजंग अस्पताल के बर्न वार्ड में भर्ती 5 महिलाओं में से 2 महिलाओं को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया, जबकि 3 का इलाज जारी है. वहीं IIMS ट्रॉमा सेंटर के बर्न और प्लास्टिक सर्जरी वार्ड में भर्ती 3 लोगों में 1 पुरुष की मौत हो गई, जबकि 2 महिलाओं का उपचार चल रहा है.

### वाहनों में लगी आग, धुएं से भर गई पूरी इमारत

दिल्ली के तुगलकाबाद इलाके में देर रात एक ग्राउंड प्लस 5 मंजिला इमारत में आग लग गई. आग मकान में खड़े वाहनों में लगी थी, जिससे पूरी इमारत धुएं से भर गई और कई लोग अंदर फंस गए. दिल्ली फायर सर्विस की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर 6 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया. सुबह 3 :45 बजे आग पर काबू पा लिया गया, अगर समय रहते हुए रेस्क्यू न किया गया होता तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था.


## बंगालः टीएमसी के बागी सांसद बोले- डबल इंजन सरकार के साथ करना चाहते हैं काम



**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस में जारी अंदरूनी विवाद पार्टी के बागी सांसद अरूप चक्रवर्ती ने शुक्रवार को दावा किया कि करीब 20 सांसद उनके गुट का समर्थन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनका गुट टीएमसी को नए रूप में फिर से खड़ा करना चाहता है और राज्य तथा केंद्र के बीच 'डबल इंजन सरकार' के साथ काम करना चाहता है।

**अब सिर्फ 9 सांसद ही बचे**

### मशहूर एक्ट्रेस कोयल मल्लिक ने छोड़ी कुर्सी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। तीन राज्यसभा सांसदों के जाने के झटके से ममता बनर्जी अभी उबर भी नहीं पाई थीं कि अब उन्हें चौथा और बड़ा झटका लगा है। मशहूर बंगाली अभिनेत्री और राज्यसभा सांसद कोयल मल्लिक ने उच्च सदन की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उनसे पहले सुखेंदु शेखर रे, सुष्मिता देव और प्रकाश चिक बराइक भी इस्तीफा दे चुके हैं।

## भोपाल-सीहोर में आंधी, कई जिलों में बारिशः श्योपुर में 4 लोगों की मौत

**भोपाल ■ प्रतिनिधि**

मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में शुक्रवार को आंधी-बारिश ने तबाही मचा दी। अलग-अलग हादसों में 4 लोगों की मौत हो गई। तेज हवाओं से रजपुरा गांव में दीवार गिरने से एक ही परिवार के चार लोग मलबे में दब गए। इनमें तीन की मौके पर मौत हो गई, जबकि एक घायल को राजस्थान रेफर किया गया है।

आवदा थाना प्रभारी धर्मेंद्र मालवीय के मुताबिक, मलबे में दबने से भीमा आदिवासी (40), उनकी पत्नी सीमा (38) और बेटे राहुल की पत्नी राजवती (21) की मौत हुई है। घायल रिंकू आदिवासी है। वहीं, श्योपुर में आंधी के दौरान ऑटो पलटने से एक महिला की भी जान गई। डिंडौरी में आंधी-बारिश से मकानों के टीन शेड उड़ गए, जबकि गुना में तेज आंधी और बारिश हुई।





### श्योपुर में एक इंच बारिश, पचमढ़ी से ठंडा रहा शिवपुरी

मध्य प्रदेश में शुक्रवार को आंधी-बारिश के बीच तापमान में बड़ी गिरावट हुई। श्योपुर में करीब एक इंच पानी गिर गया। सागर में आधा इंच पानी गिरा। जबलपुर, नरसिंहपुर, सागर, सिवनी समेत कई जिलों में आंधी-बारिश का दौर रहा।

## डॉ. मोहन भागवत की ट्रेन पर पथराव, संघ प्रमुख सुरभित

**कानपुर।** फिरोजाबाद में संघ प्रमुख मोहन भागवत की ट्रेन पर गुरुवार शाम को पथराव हुआ। पत्थर सीधे उसी बोगी पर लगा, जिसमें वह बैठे थे। इससे खिड़की का शीशा टूट गया। भागवत कानपुर से शताब्दी एक्सप्रेस से नई दिल्ली जा रहे थे।




भागवत एग्जीक्यूटिव क्लास के श्व-1 कोच में थे। ट्रेन जब मक्खनपुर-फिरोजाबाद के बीच से गुजर रही थी, तभी अचानक बोगी को निशाना बनाकर पत्थर फेंका गया। गनीमत रही कि इस पथराव में संघ प्रमुख सुरक्षित रहे। सुरक्षा को देखते हुए ट्रेन को बीच रास्ते में कहीं भी नहीं रोका गया। घटना की सूचना मिलते ही टूंडला जंक्शन पर रेलवे सुरक्षा बल और राजकीय रेलवे पुलिस के आला अधिकारी भारी फोर्स के साथ मुस्तैद हो गए।

### नारीशक्ति को सलाम कर बोले प्रधानमंत्री मोदी

# अंतरिक्ष से लेकर आर्थिक जगत में आत्मनिर्भर बनाने में अहम

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की नारीशक्ति की जमकर सराहना की है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, अंतरिक्ष और नए आविष्कारों जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की सफलता देखकर उन्हें बहुत खुशी होती है। ड्रोन तकनीक जैसे आधुनिक क्षेत्रों में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी से देश के विकास की तस्वीर बदल रही है। यह बदलाव प्रगति के नए रास्ते खोल रहा है।



पीएम मोदी ने बताया कि सरकार स्वयं सहायता समूहों को सक्रिय रूप से सहयोग दे रही है। इन समूहों की मदद से महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर और स्वतंत्र बन रही हैं। पिछले 12 वर्षों के दौरान एनडीए सरकार ने महिलाओं के नेतृत्व में होने वाले विकास को प्राथमिकता दी है। आज इसका असर समाज के हर छोटे-बड़े क्षेत्र में साफ दिखाई देता है।

पीएम ने आगे कहा, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, आवास और खेल जैसे क्षेत्रों में महिलाएं प्रमुख भूमिका निभा रही हैं। इसके साथ ही व्यापार, विज्ञान और शासन में भी उनकी भागीदारी बढ़ी है। सरकार की कोशिशों का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को सम्मान, अवसर और मजबूती देना है। इससे एक ऐसा माहौल बना है जहां महिलाएं अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर राष्ट्र निर्माण में बड़ा योगदान दे रही हैं।

### *जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने प्रथमदृष्टया शिकायत में कुछ देखने के बाद ही समन किया होगा*

# 'डिसमिस्ड...., यह याचिका सुनने लायक नहीं', मीनाक्षी नटराजन को सुप्रीम कोर्ट से भी झटका

***नई दिल्ली ■ एजेंसी***



*मध्य प्रदेश से कांग्रेस की राज्यसभा उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन का नामांकन पत्र रद्द किए जाने के मामले पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस अतुल एस चंदूरकर की बेंच में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट से मीनाक्षी नटराजन को राहत नहीं मिली। कोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता इलेक्शन पिटीशन हाईकोर्ट मे दाखिल कर सकते हैं।*

*मीनाक्षी की तरफ से वकील अभिषेक मनु सिंघवी पेश हुए। उन्होंने दलील देते हुए कहा कि एक प्राईवेट शिकायत पर नोटिस हुआ है। जस्टिस प्रशांत मिश्रा ने कहा कि मजिस्ट्रेट कोर्ट ने प्रथमदृष्टया शिकायत में कुछ वजन देखने के बाद ही समन किया होगा। अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि ये एक निजी शिकायत है। जिसमें संज्ञान नहीं लिया गया है। आरपी एक्ट का कानून कहता है कि कम से कम आरोप तय होने चाहिए। लेकिन इस मामले में ऐसा कुछ भी नहीं हुआ है। सिंघवी ने कहा कि अगर रिटर्निंग ऑफिसर मनमाने ढंग से काम करता जिससे किसी एक पार्टी को फायदा होता है, तो उसमें कोर्ट दखल दे सकता है। सिंघवी ने कहा कि कानून में साफ है जब तक आरोप तय न हो, तब तक नामांकन पत्र में घोषणा करना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा कि जिस शिकायत में मीनाक्षी नटराजन का जिक्र है और घटना का जो समय बताया गया है, उस वक्त मीनाक्षी नटराजन तेलंगाना की प्रभारी नहीं थीं।*

### *नेताओं की पुलिस से झड़प*



*दिल्ली पहुंचे मध्य प्रदेश के कांग्रेस विधायकों ने राष्ट्रपति भवन तक मार्च निकालने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें रोकने के लिए सड़क पर बैरिकेडिंग कर दी। कांग्रेस नेता इस पर चढ़ गए तो पुलिस से उनकी झड़प हो गई। पुलिस ने हल्का बल प्रयोग करते हुए प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत तमाम नेताओं को हिरासत में ले लिया।*

### उड़ता तीर



## संक्षिप्त समाचार

### आज से भोपाल मंडल पर तत्काल आरक्षण के लिए टोकन वितरण व्यवस्था में बदलाव

**भोपाल।** यात्रियों को अधिक सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी आरक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल ने तत्काल आरक्षण हेतु टोकन वितरण व्यवस्था में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। भोपाल मंडल के सभी आरक्षण कार्यालयों में दिनांक 13 जून 2026 से नई व्यवस्था लागू की जाएगी। नई व्यवस्था के तहत तत्काल आरक्षण के लिए एसी तथा गैर-एसी श्रेणियों के टोकनों का वितरण पृथक-पृथक रूप से प्रतिदिन प्रात: 08 :00 बजे से किया जाएगा। इससे यात्रियों को टोकन प्राप्त करने में सुविधा होगी तथा आरक्षण प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित एवं पारदर्शी बनेगी। साथ ही सभी आरक्षण कार्यालयों में टोकन वितरण रजिस्टर का संधारण अनिवार्य रूप से किया जाएगा, जिसमें टोकन संख्या एवं यात्री का नाम स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाएगा। जिससे व्यवस्था की नियमित निगरानी एवं समीक्षा सुनिश्चित की जा सके। भोपाल मंडल के सभी मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षकों, आरक्षण पर्यवेक्षकों एवं आरक्षण लिपिकों को निर्देशित किया गया है कि वे इन निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें तथा टोकन वितरण प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता न होने दें।

### मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग का नया नियम लागू

**भोपाल।** भोपाल स्थित मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग ने सीधे इंटरव्यू के माध्यम से होने वाली भर्तियों के लिए नया नियम लागू किया है। आयोग ने दस्तावेज जमा करने में देरी करने वाले उम्मीदवारों पर आर्थिक दंड लगाने का फैसला किया है। इस व्यवस्था का उद्देश्य भर्ती प्रक्रिया को समयबद्ध और व्यवस्थित बनाना बताया जा रहा है। मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग के अनुसार, यदि कोई उम्मीदवार निर्धारित अंतिम तारीख तक दस्तावेज जमा नहीं कर पाता है, तो उसे अगले पांच कार्य दिवस तक अतिरिक्त अवसर दिया जाएगा। हालांकि इस अवधि में दस्तावेज जमा करने के लिए उम्मीदवार को 3 हजार रुपये शुल्क देना होगा। इसके साथ ही उम्मीदवार को एक घोषणा पत्र भी जमा करना होगा, जिसमें यह उल्लेख रहेगा कि वह भर्ती विज्ञापन में तय सभी आवश्यक योग्यताओं को पूरा करता है।

### वक्फ बोर्ड के विरोध में सड़कों पर उतरी भगवा पार्टी

**भोपाल।** वक्फ बोर्ड के विरोध में भारतीय गण वार्ता पार्टी (भगवा पार्टी) ने शुक्रवार को राजधानी में जोरदार प्रदर्शन किया। 'वक्फ बोर्ड भारत छोड़ो' अभियान के तहत आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। बोर्ड ऑफिस चौराहे से डीबी मॉल तक रैली निकाली गई। इस दौरान वक्फ बोर्ड की सांकेतिक अर्थी निकालकर पुतला दहन किया गया और जमकर नारेबाजी हुई।

### टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षकों का मोर्चा

# 18 जून को प्रदेशभर में सौंपेंगे ज्ञापन, सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद बढ़ी चिंता

**भोपाल ■ निसं**

मध्यप्रदेश शिक्षक संघ ने कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए टीईटी अनिवार्य किए जाने के मुद्दे पर मोर्चा खोल दिया है। संघ ने साफ कहा है कि 2010 से पहले नियुक्त शिक्षकों पर बाद में बने नियम लागू करना न केवल अव्यवहारिक है, बल्कि यह प्राकृतिक न्याय और कानूनी निश्चितता के सिद्धांतों के भी विपरीत है।

संघ के प्रदेशाध्यक्ष डॉ. क्षत्रवीर सिंह राठौर और प्रदेश महामंत्री राकेश गुप्ता ने बताया कि 29 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद प्रदेश सहित देशभर के लाखों शिक्षकों में असमंजस की स्थिति बन गई है। इस फैसले के अनुसार, कक्षा 1 से 8 तक पढ़ाने वाले शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना आवश्यक माना गया है। इसी के विरोध में शिक्षक संघ ने 18 जून 2026 को प्रदेश के सभी जिलों में कलेक्टर के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया है।

**15-20 साल से कार्यरत शिक्षकों पर संकट:** संघ के अनुसार, 23 अगस्त 2010 को एनसीटीई द्वारा टीईटी को



न्यूनतम अर्हता घोषित किया गया था। इसके पहले विभिन्न राज्यों में लाखों शिक्षकों की नियुक्ति उस समय लागू नियमों और चयन प्रक्रियाओं के तहत हुई थी। ये शिक्षक पिछले 15 से 20 सालों से शिक्षा, सामाजिक चेतना और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

ऐसे में अब नए मानदंडों को पूर्व प्रभाव से लागू करना उनके सेवाकाल और भविष्य दोनों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है।

**संसद से समाधान की मांग:** शिक्षक संघ ने केंद्र सरकार से मांग की है कि वर्ष 2010 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों की सेवाओं को वैध मानते हुए मानसून सत्र में आवश्यक विधायी संशोधन किया जाए। साथ ही 23 अगस्त 2010 की अधिसूचना में संशोधन कर सुप्रीम कोर्ट को भी अवगत कराया जाए, ताकि लाखों शिक्षकों का भविष्य सुरक्षित किया जा सके। संघ ने कहा कि न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए भी व्यापक जनहित में नीति-निर्माण का अधिकार विधायिका के पास है और सरकार को इस दिशा में जल्द कदम उठाना चाहिए।

**प्रदेश ही नहीं, देशभर के 20 लाख शिक्षक प्रभावित:** संघ का दावा है कि इस निर्णय से मध्यप्रदेश के करीब डेढ़ लाख और देशभर के 20 लाख से अधिक शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं। ऐसे में यह केवल एक राज्य का नहीं, बल्कि राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बन चुका है।

### भोपाल से देश विरोधी गतिविधियों में शामिल एजेंट गिरफ्तार

# मोबाइल में मिली पाकिस्तान से भेजी गई पीडीएफ फाइल; 16 जून तक रिमांड पर

**भोपाल ■ निसं**

भोपाल में एंटी-टेररिस्ट स्क्वॉड (ATS) ने देश विरोधी गतिविधियों से जुड़ने के संदेह में एक युवक को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान मोहम्मद फराज के रूप में हुई है। ATS ने उसे शुक्रवार को सुबह भोपाल के काजी कैंप इलाके में नन्हें बी की मस्जिद के पास से पकड़ा है।

आरोपी एक डॉक्टर के क्लीनिक पर काम करता था। प्रारंभिक जांच में एजेंसी को कुछ ऐसे इनपुट मिले हैं, जिनके आधार पर आरोपी की गतिविधियों की जांच की जा रही है। सूत्रों के मुताबिक आरोपी कथित तौर पर विशेष ट्रेनिंग के लिए अफगानिस्तान जाने की तैयारी कर रहा था। ATS ने उसके मोबाइल से पाकिस्तान से भेजे गए कथित जिहादी दस्तावेजी पीडीएफ बरामद होने का दावा किया है।

**मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग ले रहा था:** जांच एजेंसियों के अनुसार आरोपी मार्शल आर्ट की ट्रेनिंग भी ले रहा था। ATS अब उसके संपर्कों, ऑनलाइन गतिविधियों और विदेशी कनेक्शन की पड़ताल कर रही है। जांच के दौरान उत्तर प्रदेश के देवबंद मदरसे से जुड़े कुछ संपर्कों की जानकारी भी सामने आने की बात कही जा रही है, जिनकी भूमिका की जांच की जा रही है।

**फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी:** अधिकारियों के मुताबिक फिलहाल आरोपी से पूछताछ जारी है। एजेंसी यह पता लगाने में जुटी है कि उसके संपर्क किन लोगों से थे, क्या कोई नेटवर्क सक्रिय है और कथित गतिविधियों के पीछे किसी अन्य व्यक्ति की भूमिका है या नहीं।



#### यूएपीए और राष्ट्रद्रोह की धाराओं में केस दर्ज

संदिग्ध गतिविधियों के मामले में आरोपी के खिलाफ यूएपीए और राष्ट्रद्रोह से जुड़ी धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपी को 16 जून तक रिमांड पर रखा है। इस दौरान जांच एजेंसियां उससे उसकी गतिविधियों, संपर्कों और नेटवर्क को लेकर पूछताछ करेंगी। जांच में यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपी कब से ऐसी गतिविधियों में शामिल था और उसके साथ स्थानीय स्तर पर कौन-कौन लोग जुड़े हैं।

#### डार्क एप और सोशल मीडिया एक्टिविटी की जांच

आरोपी कुछ डार्क एप के माध्यम से संदिग्ध ग्रुप्स से जुड़ा हुआ था। इसके अलावा उसके सोशल मीडिया अकाउंट की भी जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने गाजा के समर्थन में कई आपत्तिजनक टिप्पणियां की थीं। एजेंसियां डिजिटल रिकॉर्ड, चैट और ऑनलाइन संपर्कों को खंगाल रही हैं।

ATS ने मामले में अभी जांच जारी होने की बात कही है। जांच पूरी होने के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

**बेहद गोपनीय तरीके से हुई कार्रवाई:** सूत्रों के मुताबिक आरोपी की गिरफ्तारी और पूरी कार्रवाई को बेहद गोपनीय रखा गया था। कार्रवाई की जानकारी भोपाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर स्थानीय थाना पुलिस तक को नहीं दी गई थी। जांच एजेंसियां अब आरोपी से जुड़े सभी पहलुओं की गहराई से पड़ताल कर रही हैं।

# माता मंदिर में रात्रि विश्राम के दौरान ऊर्जा मंत्री तोमर ने लगाई जन चौपाल

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया पौध-रोपण



**भोपाल ■ निसं**

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर देश भर में चल रहे महाअभियान के तहत उप नगर ग्वालियर के वार्ड नंबर 5 आनंद नगर स्थित बड़ा पार्क माता मंदिर परिसर में गुरुवार को रात्रि विश्राम के दौरान जन चौपाल के जरिए स्थानीय नागरिकों से सीधे संवाद किया। इस अवसर पर नागरिकों ने जनसुविधा से जुड़े कई मुद्दे उठाए, जिन पर ऊर्जा मंत्री तोमर ने सकारात्मक पहल और समाधान का आश्वासन दिया।

ऊर्जा मंत्री तोमर ने कहा कि जनता का विश्वास और स्नेह ही उनकी सबसे बड़ी पूंजी है। उन्होंने संकल्प लिया कि क्षेत्र के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति की समस्याओं का समाधान किया जाएगा और हर गली-मोहल्ले तक विकास पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि है और उनकी बात सुनना जनसेवक का सबसे बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी हैं। जनता को भरोसा दिलाया कि उनकी हर जायज मांग को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

रात्रि विश्राम के उपरांत शुक्रवार सुबह ऊर्जा मंत्री तोमर ने बड़ा पार्क में संचालित जिम में स्थानीय निवासियों के साथ संवाद करते हुए उनका हालचाल पूछा। तदोपरान्त पार्क और मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान में शिरकत की। ऊर्जा मंत्री तोमर ने संगठन के राष्ट्रीय कार्यक्रम के तहत एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल होकर पौध-रोपण भी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरूआत देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई है। इसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को पर्यावरण से जोड़ना और व्यक्तिगत स्तर पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करना है। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और अपनी माँ के प्रति सम्मान व्यक्त करने के लिए शुरू किया गया एक राष्ट्रव्यापी पौधरोपण अभियान है।

### नि:शुल्क यूपीएससी क्लासेज

# 5 जुलाई से सिविल सर्विसेज क्लब भोपाल में शुरू होगी

**भोपाल ■ निसं**

जबसे इस बार का यूपीएससी का एग्जाम हुआ है, तब से पूरे देश के यूपीएससी एस्पिरेंट्स में चिंता का माहौल है। कोई इसे अब तक का सबसे कठिन पेपर कह रहा है तो कोई बहुत अजीब पेपर। पर कोई ये नहीं समझ पा रहा है कि इस पेपर का एप्रोच क्या है।

मतलब ये प्रश्न कहाँ से आये हैं, इस तरह के प्रश्न पूछने का क्या उद्देश्य है, और भविष्य में इस तरह के प्रश्नों को सॉल्व करने के लिए किस तरह तैयारी की जाये। जबकि यह पेपर यूपीएससी के इतिहास का सबसे बेहतरीन पेपर है। जिसे एक व्यवस्थित एप्रोच के साथ बनाया गया है। इसे बनाने के पीछे यूपीएससी के उद्देश्य भी बहुत क्लियर हैं, बस एस्पिरेंट्स उसे समझ नहीं पा रहे हैं।

इसलिए इस असमंजस को दूर करने और एस्पिरेंट्स को यूपीएससी का नया एप्रोच समझाने के उद्देश्य से भोपाल में 8 दिन की नि:शुल्क यूपीएससी क्लासेज का आयोजन किया जा रहा है।

केवल ऑफलाइन मोड में आयोजित इन क्लासेज में पूरे देश का कोई भी स्टूडेंट्स बिना कोई फीस दिए पढ़ सकता है और अपनी यूपीएससी की तैयारी को व्यवस्थित कर सकता है।

ये क्लासेज केवल इंग्लिश में होंगी और केवल 100 स्टूडेंट्स ही इन क्लासेज में भाग ले सकेंगे।

क्लासेज के रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुके हैं, कोई भी स्टूडेंट सिविल सर्विसेज क्लब के ( 7747068666) इस नंबर पर कॉल या मैसेज कर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकता है। क्लास में स्थान सीमित होने के कारण केवल वही 100 स्टूडेंट्स इन क्लासेज को अटेंड कर सकेंगे जो सबसे पहले अपना रजिस्ट्रेशन करा लेंगे।

# सीएमएचओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले स्पेशलिस्ट डॉक्टर्स को थमाया नोटिस



**भोपाल ■ निसं**

भोपाल सीएमएचओ ने शुक्रवार को भोपाल की अलग - अलग स्वास्थ्य संस्थाओं में पहुंचकर मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं का मूल्यांकन किया। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर में चिकित्सा विशेषज्ञों के ओपीडी से अनुपस्थित मिलने पर वेतन कटौती सहित शो कॉज नोटिस दिया गया है।

निरीक्षण में आयुष्मान आरोग्य मंदिर मुगलिया हाट और कुराना बंद पाए जाने पर यहां पदस्थ सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को 7 दिन का वेतन कटौती का नोटिस दिया गया है। इस दौरान ग्राम स्वास्थ्य पोषण दिवस पर आयोजित टीकाकरण सत्रों में बच्चों और गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण और पोषण सेवाओं की जानकारी ली गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रगति पटेल और निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. राहुल जैन को कर्तव्य स्थल से बिना सूचना के अनुपस्थित पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही का नोटिस दिया गया है। साथ ही बिना अनुमति के वेतन जारी न करने के निर्देश दिये गए हैं।

### पीएसएससीआईवीई में 10 दिवसीय समर कैंप का समापन

# समर कैंप में विद्यार्थियों ने प्रस्तुत किए नवाचार, कौशल एवं अनुभवात्मक अधिगम के विविध आयाम

**भोपाल ■ निसं**

पंडित सुंदरलाल शर्मा केंद्रीय व्यावसायिक शिक्षा संस्थान (पीएसएससीआईवीई), एनसीईआरटी, भोपाल में आयोजित 10 दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार को समापन समारोह संपन्न हुआ। समापन अवसर पर विद्यार्थियों ने समर कैंप के दौरान अपने अधिगम की यात्रा, अर्जित कौशलों एवं अनुभवों को प्रस्तुतियों, चार्ट्स, मॉडलों तथा प्रदर्शन गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया। इन प्रस्तुतियों में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, नवाचार क्षमता तथा विभिन्न व्यावसायिक क्षेत्रों के प्रति विकसित समझ स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुई। समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने ड्रोन प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, उद्यमिता, वित्तीय साक्षरता, पर्यटन एवं आतिथ्य, कृषि एवं पशुपालन, रिटेल प्रबंधन तथा अन्य कौशल आधारित गतिविधियों



से प्राप्त अपने अनुभव एवं प्रमुख सीखों को साझा किया। विद्यार्थियों ने बताया कि शिविर के माध्यम से उन्हें व्यवहारिक अधिगम, समस्या-समाधान, टीम वर्क, संचार कौशल तथा जीवनोपयोगी दक्षताओं को समझने का अवसर मिला। उन्होंने यह संकल्प भी व्यक्त किया कि वे समर कैंप में प्राप्त ज्ञान एवं अनुभवों को अपने सहपाठियों, मित्रों एवं परिवार के सदस्यों के साथ साझा करेंगे तथा कौशल आधारित एवं आजीवन अधिगम की भावना को आगे बढ़ाएंगे।

समापन सत्र में डॉ. दीपक पालीवाल, संयुक्त निदेशक, पीएसएससीआईवीई ने विद्यार्थियों को सफलतापूर्वक समर कैंप पूर्ण करने पर बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर सीखने, जिज्ञासु बने रहने तथा जीवन में नवीन अवसरों की खोज करते रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कौशल आधारित एवं अनुभवात्मक अधिगम विद्यार्थियों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा उन्हें भविष्य की चुनौतियों एवं अवसरों के लिए तैयार करता है।

### सीवाई-टीबी टेस्ट आधारित निगरानी कार्यक्रम शुरू

# एम्स भोपाल में स्वास्थ्य कर्मियों को टीबी से सुरक्षित रखने की नई पहल

**भोपाल ■ निसं**

देश को क्षय रोग मुक्त बनाने के राष्ट्रीय अभियान को गति देने और स्वास्थ्य कर्मियों को टीबी संक्रमण से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एम्स भोपाल में सीवाई-टीबी टेस्ट आधारित टीबी सर्विलांस कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र, शेयर इंडिया, टीबी कोर कमेटी और एम्स भोपाल के संयुक्त सहयोग से शुरू किया गया है। कार्यक्रम का उद्देश्य अस्पतालों में कार्यरत चिकित्सकों, नर्सों, प्रयोगशाला तकनीशियनों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों में टीबी संक्रमण की समय



पर पहचान करना, उसके प्रसार को रोकना और आवश्यकता पड़ने पर समय पर उपचार उपलब्ध कराना है। इससे स्वास्थ्य कर्मियों के साथ-साथ मरीजों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन एवं संचालन डॉ. दीपा पारख सुराना (स्टेट प्रोजेक्ट ऑफिसर, शेयर इंडिया, मध्य प्रदेश) ने किया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, संकाय सदस्यों और स्वास्थ्य कर्मियों का स्वागत करते हुए इस पहल के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर (कार्यपालक निदेशक एवं सीईओ, एम्स भोपाल) ने कहा कि चिकित्सक, नर्स और अन्य स्वास्थ्य कर्मी प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीजों के संपर्क में आते हैं, इसलिए उनमें टीबी संक्रमण का खतरा अपेक्षाकृत अधिक रहता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए आवश्यक है। उन्होंने सीवाई-टीबी कार्यक्रम को एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए सभी विभागों और स्वास्थ्य कर्मियों से इसमें सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया।

इसके बाद डॉ. संजीव कुमार (प्रोफेसर, सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग तथा अध्यक्ष, टीबी कोर कमेटी, एम्स भोपाल) ने कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य कर्मियों की नियमित जांच, समय पर पहचान और आवश्यक उपचार के माध्यम से टीबी संक्रमण के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कार्यक्रम के उद्देश्यों और कार्यान्वयन की रणनीति पर भी विस्तार से चर्चा की।

तकनीकी सत्र में डॉ. अस्मिता (प्रोजेक्ट मैनेजर, सीवाई-टीबी, शेयर इंडिया) ने सीवाई-टीबी पहल की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य कर्मियों को गुप्त टीबी संक्रमण, टीबी निवारक उपचार तथा टीबी से बचाव के उपायों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी भी साझा की।

कार्यक्रम में एम्स भोपाल के विभिन्न विभागों के चिकित्सकों, संकाय सदस्यों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा शेयर इंडिया और रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र के प्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# फिमेल हैल्थ एम्प्लाय वेलफेयर एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा



**भोपाल ■ निसं**

फिमेल हैल्थ एम्प्लाय वेलफेयर एसोसिएशन ने अपनी मॉगो के संदर्भ मे मुख्यमंत्री मोहन यादव को ज्ञापन सौपा। जिसमे संघ अनेक पदाधिकारी उपस्थित थे संघ की प्रदेश अध्यक्ष बेबीराजा ने ज्ञापन सौपा जिसमे निम्न मॉगो का उल्लेख किया गया। एएनएम और एमपीडबल्यू एलाचवी बीईई की कई वर्षो पुरानी बेतन विसंगती माँग प्रमुख हे जिसमे उल्लेख इन केडर को 3600/- का ग्रेड पे दिया जाय। नाम परिवर्तन की माग अनार्थिक है। इस केडर का पद नाम परिवर्तन कर ग्रामीण स्वास्थ्य अधिकारी किया जाय। इस केडर का ग्रामीण स्वास्थ्य भत्ता दिया जाया जो 3000/- प्रतिमाह हो ऐसी अनेक मागो के लेकर ज्ञापन सौपा गया। जिसमे उषा शर्मा ,प्रीति सैनी, दिव्या अहिरवार, बेबी राजा, शीला सिंह, जया श्रीवास्तव, उपस्थित थे।

# नपा अध्यक्ष बसंतीबाई ने किया राजराजेश्वर उद्यान एवं तालाब विकास कार्यों का निरीक्षण

### मानसून से पहले कार्य पूर्ण करने के दिए निर्देश, अमृत 2.0 योजना से बदल रही क्षेत्र की तस्वीर

सेंधवा ■ निसं



नगर पालिका परिषद सेंधवा द्वारा अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत किले के अंदर स्थित ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के राजराजेश्वर तालाब एवं उद्यान के सौंदर्यीकरण कार्यों को गति दी जा रही है। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष बसंतीबाई यादव ने राजराजेश्वर मंदिर परिसर पहुंचकर निर्माणाधीन उद्यान एवं तालाब विकास कार्यों का निरीक्षण किया तथा कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रगति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि सुनील अग्रवाल से चल रहे कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा की। इस दौरान सुनील अग्रवाल ने तालाब के जीर्णोद्धार, घाट निर्माण, सुरक्षा दीवार, उद्यान विकास एवं सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि परियोजना के अंतर्गत क्षेत्र को आकर्षक एवं जनसुविधाओं से युक्त स्वरूप प्रदान किया जा रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष बसंतीबाई यादव ने कहा कि राजराजेश्वर मंदिर एवं तालाब नगर की धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर हैं।

## नगर निगम खण्डवा परिसर में तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का शुभारंभ

# प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर शिविर का शुभारंभ सांसद पाटिल ने किया

### नागरिकों से 14 जून तक योजनाओं का लाभ लेने हेतु आवेदन करने की अपील

खंडवा ■ निसं



पूरे प्रदेश में प्रधानमंत्री मोदी जी के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने पर शासन प्रशासन द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम प्रांगण में में शुक्रवार से तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया।

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया की यह शिविर 12 जून से 14 जून तक आयोजित किया जाएगा, जिसमें नागरिकों को विभिन्न शासकीय योजनाओं की जानकारी, पात्रता अनुसार आवेदन एवं लाभ प्राप्त करने हेतु एक ही स्थान पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा द्वारा की गई इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सोमनाथ काले, राजेश यादव, अनिल वर्मा, दिनेश पालीवाल, सुनील जैन, सुधांशु जैन, श्रीमती रोशनी गोलकर, श्रीमती पिंकी राठौर, गणेश गुरबानी सहित अन्य पार्षदगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**माँ सरस्वती पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ:** प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत स्वागत उद्बोधन निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने जनकल्याण शिविर की उपयोगिता बताते हुए कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है तथा ऐसे शिविर नागरिकों को योजनाओं से सीधे जोड़ने का प्रभावी माध्यम हैं। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को प्राप्त लाभों की जानकारी भी नागरिकों के साथ साझा की।

मुख्य अतिथि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने अपने संबोधन में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के देश के सबसे लंबे समय तक लगातार कार्यरत प्रधानमंत्री बनने पर शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## नर्मदापुरम और बुदनी में मौसम का मिजाज बदला

# भीषण गर्मी के बीच तेज हवा और बारिश से मिली राहत, लेकिन किसानों की बढ़ी चिंता



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

दिन भर नर्मदापुरम और बुदनी में भीषण गर्मी और तपती धूप ने आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर रखा था। सुबह से ही सूरज के तीखे तेवर और उमस ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया था। हालांकि, देर शाम मौसम ने अचानक करवट ली और भीषण गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली।

**तेज हवाओं के साथ हुई बारिश:** शाम होते ही अचानक आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। इस बारिश ने तपती धरती को तो ठंडा कर दिया, जिससे शहरवासियों को गर्मी से बड़ी राहत मिली। तापमान में आई गिरावट ने शाम को सुखद बना दिया।

**मूंग की फसल को नुकसान की आशंका:** जहाँ एक ओर आम जनता ने मौसम में आए इस बदलाव का स्वागत किया है, वहीं दूसरी ओर किसान वर्ग की चिंताएं बढ़ गई हैं। वर्तमान में खेतों में मूंग की फसल पकने की स्थिति में है और कटाई का दौर चल रहा है।

**कृषि विशेषज्ञों और किसानों का मानना है कि:** फसल पर असर: अचानक हुई इस बारिश और तेज हवाओं से खेतों में खड़ी मूंग की फसल के गिरने की संभावना बढ़ गई है।

**कटाई में बाधा:** जो फसल काटकर खलिहानों या खेतों में खुले में रखी गई है, उसके भीगने से गुणवत्ता खराब होने का डर है।

**नमी का खतरा:** फसल में नमी आने से दानों के काले पड़ने या अंकुरित होने का खतरा पैदा हो गया है, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

मौसम विभाग की इस अनपेक्षित बारिश ने फिलहाल गर्मी से तो निजात दिला दी है, लेकिन किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें गहरी कर दी हैं। अब किसान आसमान की ओर निहार रहे हैं, कि कहीं यह बारिश उनकी मेहनत पर पानी न फेर दे।

## 'निमाड़ क्लब' बनेगा खंडवा का आधुनिक स्पोर्ट्स एवं रिक्रिएशन हब

# पीपीपी मॉडल पर विकसित होंगी अत्याधुनिक खेल एवं सामुदायिक सुविधाएं

खंडवा ■ निसं

खंडवा शहर को शीघ्र ही एक आधुनिक, सुव्यवस्थित एवं बहुउद्देशीय स्पोर्ट्स एवं रिक्रिएशन सेंटर की सौगात मिलने जा रही है। निमाड़ क्लब समिति द्वारा क्लब परिसर में जिम, कैफे, क्रिकेट टर्फ, पिकलबॉल कोर्ट एवं बैंक्वेट हॉल जैसी आधुनिक सुविधाओं के संचालन एवं रखरखाव हेतु सार्वजनिक निजी भागीदारी अर्थात पीपीपी मॉडल पर निविदा प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूर्ण कर ली गई है। निमाड़ क्लब समिति जिले के अधिकारियों द्वारा गठित एक संस्थागत मंच है, जिसके अध्यक्ष कलेक्टर खंडवा, उपाध्यक्ष पुलिस अधीक्षक, सचिव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तथा अन्य वरिष्ठ जिला अधिकारी सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। समिति का उद्देश्य केवल क्लब संचालन तक सीमित नहीं है, बल्कि जिले में खेल संस्कृति को बढ़ावा देना, स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना तथा नागरिकों एवं शासकीय कर्मचारियों के लिए गुणवत्तापूर्ण मनोरंजन एवं खेल सुविधाएं उपलब्ध कराना है।




निमाड़ क्लब परिसर में स्थित वर्षों पुराने भवनों का जीर्णोद्धार कर उन्हें आधुनिक स्वरूप प्रदान किया गया है। इस विकास का मूल उद्देश्य जिले के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों सहित सभी शासकीय सेवकों को बेहतर खेल एवं स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा शहरवासियों के लिए एक ऐसा समेकित परिसर विकसित करना है, जहां खेल, फिटनेस, मनोरंजन एवं सामाजिक गतिविधियों की विविध सुविधाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हों। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए निमाड़ क्लब समिति द्वारा ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। प्राप्त निविदाओं में से पात्र निविदाकारों द्वारा 10 जून 2026 को अपने प्रस्तुतीकरण दिए गए, जिनमें प्रस्तावित सुविधाओं के संचालन की कार्ययोजना, नागरिकों को होने वाले लाभ, खेल गतिविधियों के विस्तार तथा परिसर के समग्र विकास संबंधी दृष्टिकोण प्रस्तुत किया गया। तकनीकी मूल्यांकन एवं आवश्यक दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत वित्तीय निविदाएं 11 जून 2026 को कलेक्टर एवं समिति सदस्यों की उपस्थिति में खोली गईं, जिसमें 'उत्साह एरीना' का चयन किया गया।

उल्लेखनीय है कि उत्साह एरीना के प्रमुख भागीदार श्री मयंक केशरे पूर्व से 'प्रीमियम फिटनेस जिम' का सफल संचालन कर रहे है, जबकि श्री गौरव सिंह बिसेन 'चौपाल कैफे' के संचालन का अनुभव रखते हैं। खेल एवं आतिथ्य क्षेत्र में उनके अनुभव का लाभ निमाड़ क्लब के विकास एवं बेहतर संचालन में मिलेगा। निमाड़ क्लब के पीपीपी मॉडल पर विकसित होने के बाद खंडवा के नागरिकों को पहली बार एक ही परिसर में आधुनिक जिम, उच्च गुणवत्ता वाला क्रिकेट टर्फ, तेजी से लोकप्रिय हो रहे पिकलबॉल कोर्ट, कैफे एवं बैंक्वेट हॉल जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। यह परिसर केवल खेल गतिविधियों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं परिवारों के लिए एक सुरक्षित, स्वच्छ एवं आकर्षक सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित होगा।

# गौवर्धन पूजा, छप्पन भोग और रुक्मणी विवाह सम्पन्न




खरगोन ■ निसं

श्री महामृत्युंजय धाम गांधी नगर में श्री पुरुषोत्तम मास के मंगल शुभावसर पर मातृशक्ति संगठन द्वारा पानी बचाओ अभियान की जन जागृति हेतु आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान गंगा महोत्सव के छठे दिवस परम पूज्य व्यास गादी से पंडित श्री बृजेश शर्मा ने गौवर्धन पूजा, छप्पन भोग और रुक्मणी विवाह प्रसंग श्रवण कराया। इस अवसर श्री महामृत्युंजय धाम के संचालन संधारण हेतु आजीवन प्रतिवर्ष एक हजार एक सौ रुपया देने वाले भामाशाह सर्वश्री फतेह भानुसिह सोलंकी, भरत मण्डलोई, अतुल पंडित और श्रीमती ज्योति दीदी टोपी, श्रीमती रक्षा श्रीकृष्ण परसाई को व्यास गादी द्वारा भगवा ऊपर्णा डाला गया। छठे दिवस की कथा विराम पर मुख्य मनोरथी सुधा देवी सोलंकी एवं सह मनोरथी श्रीमती मधुबाला शंकरलाल गुप्ता ने आरती की गई तत्पश्चात छप्पन भोग की महाप्रसादी वितरित की गई। अंत में धर्म सभा द्वारा कुमारी परी राजकिशोर यादव की आकस्मिक मृत्यु पर तीन बार महामृत्युंजय महामंत्र का जाप कर दिवंगत की आत्मा शांति की प्रार्थना की गई।

## इंदौर लोकायुक्त के खिलाफ व्यापारी ने की शिकायत

# रिश्वत मांगने की रिकॉर्डिंग लीक करने का आरोप; कहा- अधिकारियों पर हो विभागीय कार्रवाई

इंदौर ■ निसं

इंदौर लोकायुक्त की कार्यप्रणाली को लेकर एक शिकायत लोकायुक्त डीजी तक पहुंची है। आमतौर पर भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी की शिकायतें लोकायुक्त संगठन में की जाती हैं, लेकिन यह ऐसा मामला है, जिसमें एक शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त संगठन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए लोकायुक्त भोपाल, उप-लोकायुक्त और डीजी लोकायुक्त को शिकायत भेजी है।

एक व्यापारी शेखर का आरोप है कि उनके और उनके परिवार के खिलाफ इंदौर के जोन-1 के एक थाने में झूठी स्न्ङ्कक्रदर्ज की गई थी। विवेचना के दौरान उनके नाबालिग बेटे का नाम भी प्रकरण में जोड़ दिया था।




16 अप्रैल 2026 को उन्हें थाने बुलाया गया तो मौजूद दो मीडियाकर्मियों में से एक ने अपना नाम कमलेश बताया। उसने नाबालिग बेटे का नाम मामले से हटाने के एवज में पहले एक लाख रुपए और बाद में 70 हजार रुपए की मांग की। यह राशि थाने की पुलिस के नाम पर मांगी जा रही थी।

### मीडियाकर्मी से बातचीत की रिकॉर्डिंग

व्यापारी का कहना है कि मैंने एक मीडियाकर्मी से हुई बातचीत की फोन रिकॉर्डिंग की, जिसमें 70 हजार रुपए की मांग और पुलिस की ओर से मदद कराने का जिक्र है। इसके बाद मैंने 17 अप्रैल 2026 को लोकायुक्त कार्यालय पहुंचकर रिकॉर्डिंग सहित शिकायत दर्ज कराई। रिकॉर्डिंग की पेन ड्राइव भी सौंपी गई। साथ ही संबंधित लोगों के खिलाफ ट्रैप कार्रवाई की मांग की गई।

शिकायतकर्ता का आरोप है कि लोकायुक्त कार्यालय ने ट्रैप कार्रवाई करने के बजाय केवल उनके बयान दर्ज किए और रिकॉर्डिंग जब्त कर ली। बाद में भी संबंधित लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई।

कुछ समय बाद उसी मीडियाकर्मी ने मुझसे मुलाकात कर कहा कि शिकायत की जानकारी पहले ही उसे मिल गई थी, जिससे वे सतर्क हो गए।

इस आधार पर शिकायतकर्ता ने लोकायुक्त संगठन के वरिष्ठ अधिकारियों से घटनाक्रम की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। यह भी अनुरोध किया है कि यदि शिकायत की गोपनीय जानकारी लीक हुई है, तो जिम्मेदार अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाए।

## पंधाना में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर का हुआ शुभारंभ

**खण्डवा।** जिले के विभिन्न विकासखण्ड एवं नगरीय निकायों के मुख्यालयों पर तीन दिवसीय जनकल्याण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत छूटे हुए पात्र लाभार्थियों के पंजीकरण के लिए व्यवस्था की गई है। इसी क्रम में शुक्रवार को जनपद पंचायत पंधाना एवं नगर परिषद पंधाना द्वारा जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंधाना विधायक श्रीमती छाया गोविंद मोरे ने सरस्वती पूजन कर किया। शिविर में राजस्व विभाग, चिकित्सा विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, पशुपालन विभाग, नगर परिषद एवं जनपद उपस्थित थे। जनपद पंचायत पंधाना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि शिविर में विभागों द्वारा अपने संबंधित हितग्राहियों को लाभ भी दिया गया।

## इंदौर में 12वीं की छात्रा ने किया सुसाइड

# युवक कर रहा था परेशान, लिखित शिकायत भी की थी; शव रखकर परिजनों ने किया चक्काजाम

इंदौर ■ निसं

इंदौर के परदेशीपुरा क्षेत्र में 12वीं कक्षा की 17 वर्षीय छात्रा ने शुक्रवार सुबह फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में रहने वाला नमन नामक युवक लंबे समय से छात्रा को परेशान कर रहा था और उसे धमकियां दे रहा था।

घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और कुलकर्णी भट्टा क्षेत्र के लोगों ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर छात्रा का शव सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि युवक की प्रताड़ना से परेशान होकर छात्रा ने यह कदम उठाया।



परिजनों के अनुसार, छात्रा ने करीब एक माह पहले परदेशीपुरा थाने में लिखित शिकायत देकर युवक नमन कामले पर पीछा करने और धमकाने के आरोप लगाए थे। शिकायत में यह भी कहा गया था कि युवक ने उसके जीजा को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी थी। हालांकि परिवार का आरोप है कि मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई और केवल समझाइश देकर छोड़ दिया गया।

**सुसाइड नोट नहीं मिला:** शुक्रवार सुबह छात्रा को उसके पिता ने कमरे में फंदे पर लटका देखा। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके का निरीक्षण किया है। कमरे से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और परिजनों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं।

## 'द नर्मदा स्टोरी' 12 जून को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

# रहस्यमयी सच्ची घटना पर बनी फिल्म 'द नर्मदा स्टोरी' 12 जून से देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज हुई



### फिल्म अपने अनोखे प्रमोशन और दमदार कहानी को लेकर पहले से ही चर्चा में है

**क्या है 'द नर्मदा स्टोरी'?**

फिल्म की कहानी नर्मदापुरम से जुड़े एक हाई-वोल्टेज केस पर आधारित है। इसमें रहस्य, अपराध और इमोशनल संघर्ष का तड़का है। कहानी एक पुलिस अधिकारी के अचानक गायब होने के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसके पीछे छिपे कई चौंकाने वाले राज धीरे-धीरे सामने आते हैं।

**प्रमोशन ने मचाया था बवाल:** रिलीज से पहले ही फिल्म की टीम ने एक वायरल कैंपेन चलाया था जिसने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया। मई 2026 में नर्मदापुरम से एक स्क्रीनशॉट वायरल हुआ जिसमें दावा किया गया कि पुलिस इंस्पेक्टर पुरुषोत्तम भदौरिया रात 1 बजे किसी केस के सिलसिले में घर से निकले और फिर लापता हो गए।

**'ब्रेकिंग न्यूज़' ग्राफिक्स, सीसीटीवी फुटेज और 'पुरुषोत्तम भदौरिया कहाँ हैं?'** जैसे सवालों ने लोगों में डर और एक्साइटमेंट दोनों पैदा कर दिए। जिला पुलिस ने हाई अलर्ट तक जारी कर दिया था और 12 जून तक केस सुलझाने का अल्टीमेटम दिया गया था। बाद में साफ हुआ कि यह पूरा मामला 'द नर्मदा स्टोरी' का प्रमोशनल स्टंट था, जिसे सस्पेंस और रियलिस्टिक प्रेजेंटेशन के जरिए दर्शकों में उत्सुकता जगाने के लिए किया गया था।

**स्टार कास्ट: रियल 'लेडी सिंघम' निभाएंगी लीड रोल:** फिल्म की सबसे खास बात है इसकी लीड एक्ट्रेस। भोपाल में डीआईजी महिला सुरक्षा के पद पर तैनात रियल आईपीएस ऑफिसर सिमाला प्रसाद मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। 'लेडी सिंघम' के नाम से फेमस सिमाला प्रसाद को देश के बेहतरीन पुलिस अधिकारियों में गिना जाता है।

इनके साथ रघुवीर यादव, मुकेश तिवारी, अंजलि पाटिल, अश्विनी कालसेकर और ज़रीना वहाब जैसे दिग्गज कलाकार भी अहम किरदारों में हैं।

**क्यों खास है नर्मदापुरम?:** होशंगाबाद का नाम 2021 में बदलकर नर्मदापुरम किया गया था। मां नर्मदा के तट पर बसा यह शहर आस्था और संस्कृति का केंद्र है। हाल ही में यहां नर्मदा जयंती पर लेजर शो में मां नर्मदा की गाथा भी दिखाई गई थी। फिल्म में भी नर्मदा नदी और इस क्षेत्र की संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

**रिलीज डेट:** 'द नर्मदा स्टोरी' का ट्रेलर जल्द आ रहा है और फिल्म 12 जून 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## इंदौर में टमाटर 80 रुपए किलो, MP की फसल खत्म

# 800-1000 रुपए में एक कैरेट, अब महाराष्ट्र के भरोसे सप्लाई; अभी और बढ़ेंगे दाम

इंदौर ■ निसं

मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का असर अब आम लोगों की रसोई पर साफ दिखाई देने लगा है। इंदौर में टमाटर के दाम 80 रुपए प्रति किलो के पार पहुंच गए हैं। आने वाले दिनों में कीमतों में और बढ़ोतरी हो सकती है। प्रदेश का स्थानीय उत्पादन लगभग खत्म हो चुका है।

शहर की सबसे बड़ी चोइथराम स्थित देवी अहिल्याबाई फल और सब्जी मंडी में टमाटर के भाव 800 से 1000 रुपए प्रति कैरेट तक पहुंच गए हैं। अच्छी क्वालिटी के टमाटर थोक बाजार में 50 से 60 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं, जबकि खुदरा बाजार में यही टमाटर 70 से 80 रुपए प्रति किलो तक पहुंच चुका है।



**अब महाराष्ट्र के भरोसे पूरा मध्य प्रदेश:** वर्तमान में इंदौर सहित पूरे मध्य प्रदेश में टमाटर की सप्लाई के लिए महाराष्ट्र ही प्रमुख सोर्स बचा है। नारायणगांव और कलवन क्षेत्र से आने वाला टमाटर मंडी में पहुंच रहा है। आने वाले करीब तीन महीनों तक यही स्थिति बनी रहने की संभावना है। गणेश चतुर्थी के आसपास नई फसल बाजार में आने के बाद ही कीमतों में कुछ राहत मिल सकती है।

## अनमोल वचन

हमे भूत के बारे में पछतावा नही करना चाहिए, ना ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए, विवेकवान व्यक्ति हमेशा वर्तमान में जीते है। **– चाणक्य**

हम सभी एक दुसरे की मदद करना चाहते है, मनुष्य ऐसे ही होते है, हम एक दुसरे के सुख के लिए जीना चाहते है दु:ख के लिए नहीं। **– चार्ली चेपलिन**

## सम्पादकीय

# जेन-जी महंगाई और बेरोजगारी से परेशान, सपनों में जी रहा

पूरी दुनिया में जेन–जी की आबादी चिंता का कारण बनती चली जा रही है। यह युवा आबादी ना तो अपने परिवार के बारे में सोचती है, नाही समाज के बारे में सोचती है, यह केवल अपने बारे में सोचती है। इसके पास शिक्षा की डिग्रियां भी हैं, लेकिन डिग्री के अनुरूप ज्ञान नहीं है। जीवन जीने का कोई अनुभव नहीं है। वह कोई चीज सीखना भी नहीं चाहते हैं। किसी चीज से जुड़ते हैं और उसे जल्दी ही छोड़ देते हैं। उनका सबसे ज्यादा समय सोशल मीडिया और इंटरनेट पर बीत रहा है, जिसके कारण वह सामान्य ज्ञान से भी दूर होते चले जा रहे हैं। वर्तमान की जो युवा पीढ़ी है वह डिग्री लेकर बड़े–बड़े सपने देखती है लेकिन डिग्री के अनुरूप उसके पास ना तो कोई ज्ञान होता है नाही वह कोई काम करना चाहता है जिसके कारण यह युवा पीढ़ी एक बड़ी चिंता का कारण भी बन रही है। जेन–जी को ना तो वामपंथी विचारधारा पर विश्वास है ना ही उसे पूंजीवाद पर विश्वास है, वह पूरी तरह से सेल्फिश होकर केवल अपने बारे में सोचती है। उसे अपने परिवार और मां–बाप की कठिनाइयों से भी कोई सरोकार नहीं रहता है। वह जब भी बात करता है केवल अपने हित की बात करता है। वह अपने माता–पिता और परिवार से दूर रहकर केवल अपनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए अपने परिवार से उतना ही जुड़ता है जो उसकी जरूरत पूरी करने के लिए जरूरी होती हैं। भारत, अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा, जर्मनी, यूरोपीय देश सभी में जेन–जी के इस बर्ताव से सामाजिक और पारिवारिक व्यवस्था में अब एक तनाव देखने को मिल रहा है। हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूट आफ पॉलिटिक्स ने 2020 से 2025 के बीच जो सर्वे किया था उसमें यह बात खुलकर सामने आई कि इस युवा पीढ़ी को पूंजीवाद वामपंथ समाजवाद इत्यादि विचारधारा से कोई लेना–देना नहीं है। यह केवल अपनी जरूरत से जुड़कर ही अपनी बात रखता है। मेरा किराया कम करो, फीस माफ करो, मुफ्त बस सेवा दो, मुझे नौकरी दो, नौकरी भी सबसे अच्छी वाली चाहिए है, जिसमें बड़ा वेतन मिलता हो, कॉरपोरेट ऑफिस हो। इस तरह की मांग इस युवा पीढ़ी की होती है, लेकिन यह अनुभव प्राप्त करने के लिए अथवा जो भी नौकरी या रोजगार करना चाहता है जो उसके सपने में है उसके लिए वह अपने आपको तैयार भी नहीं कर रहा है। सोशल मीडिया के जरिए उसके सपने बड़े–बड़े हो गए हैं। सारी दुनिया में क्या हो रहा है यह उसे पता है लेकिन उसका केरियर कैसे बनेगा इसके बारे में वह जरा भी गंभीर नहीं है। सबसे बड़ी चिंता का विषय यह है कि यह अपने मां–बाप को भी अपना नहीं मानने के लिए तैयार है, क्योंकि वह उसकी जरूरतों को पूरा नहीं कर पाते हैं। ऐसी स्थिति में वह उनसे भी नाराज रहकर विद्रोह करने की स्थिति में आ जाता है। वर्तमान में यह वर्ग बढ़ती हुई महंगाई, बेरोजगारी तथा इसका रहन–सहन और खर्च करने की आदत के कारण यह सबसे ज्यादा परेशान है। हाल ही में जो सर्वे हुए हैं उनमें 36 फ़ीसदी युवा इसी स्थिति से गुजर रहा है। यह युवा वर्ग अरबपतियों पर भारी टैक्स लगाने का पक्षधर है। यह बाजारवाद का शिकार हो गया है। सारी दुनियां में जिस तरह से कॉरपोरेट लगातार सामान की कीमत बढ़ाकर मुनाफाखोरी कर रहे हैं, उससे यह युवा वर्ग के टारगेट में आते चले जा रहे हैं।

हाल ही में अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर के मेयर जोहरान ममदानी निर्वाचित हुए हैं, उनकी जीत में सबसे बड़ा कारण यही बताया जा रहा है कि उन्होंने जेन–जी के इस मनोविज्ञान को समझा उन्होंने इसी वर्ग के लिए सबसे ज्यादा लोक लुभावन वायदे किए। ममदानी ने निम्न वर्ग और मध्य वर्ग को महंगाई से राहत दिलाने की बात की, उन्होंने महंगाई के खिलाफ सभी लोगों को एकजुट किया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विरोध के बाद भी उन्होंने न्यूयॉर्क में मेयर के पद के चुनाव में जीत हासिल की। अब उनकी देखा–देखी यूरोप के अन्य देशों में भी चुनाव जीतने के लिए यही फार्मूला अपनाया जा रहा है। ब्रिटेन के ग्रीन पार्टी के नेता जैक पोलंसकी भी चुनाव जीतने के लिए लोक लुभावन वादे कर रहे हैं। भारत पर पिछले एक दशक से राजनीतिक दल चुनाव जीतने के लिए इसी तरह के वादे करके चुनाव जीत रहे हैं, लेकिन अभी तक भारत में जेन–जी की समस्याओं को हल करने की दिशा में केंद्र सरकार और राज्य सरकारों ने कोई काम नहीं किया है। इस दिशा में भी जेन–जी गंभीर नहीं नजर आता है। वैश्विक व्यापार संधि के बाद सारी दुनिया में कर्ज और बाजारवाद की जो आंधी चली है उसमें सबसे ज्यादा प्रभावित यही जेन–जी हुआ है। इसने अपने सपने पूरे करने के लिए एजुकेशन लोन भी लिया है। गाड़ी–घोड़े भी लोन से लिए हैं। मोबाइल फोन भी किस्तों पर लेकर तथा क्रेडिट कार्ड और अन्य तरीके से कर्ज लेकर अपने खर्चे पूरे करने का जो तरीका अपनाया था वह उसकी आदत में शुमार हो चुका है। जिस तरह से भारत सहित दुनिया के सभी देशों में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है, रही सही कसर ए आई तकनीकी के कारण बेरोजगारी और तेजी के साथ बढ़ रही है। महंगाई भी लगातार बढ़ती चली जा रही है। ऐसी स्थिति में एक बड़ी पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक समस्या एक विकट रूप में सामने आ रही है। इस समस्या का समाधान किस तरह से होगा, इसको लेकर अब दुनिया भर के विश्वविद्यालय शोध कार्यक्रम चला रहे हैं। डिग्रियों के बावजूद जब काम नहीं मिल रहा है, बेरोजगारी बढ़ रही है ऐसी स्थिति में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अब कॉलेज और विश्वविद्यालय में एडमिशन नहीं हो पा रहे हैं। हर साल बड़ी संख्या में सीट खाली रह जाती हैं। महंगाई के कारण मांग घटती चली जा रही है। कारपोरेट जगत का मुनाफा निश्चित रूप से बड़ी तेजी के साथ बढ़ रहा है लेकिन जिस तरह से अब मांग घटने लगी है इसके कारण कॉर्पोरेट भी चिंतित नजर आने लगे हैं। बदली हुई इस व्यवस्था को लेकर सारी दुनिया में चिंता बढ़ गई है। सरकारों के खिलाफ आंदोलन हो रहे हैं। हर तरफ अफरा–तफरी का माहौल है। दुनिया में आर्थिक मंदी और महंगाई दोनों ही बढ़ रही हैं। जिस तेजी के साथ जेन–जी का गुस्सा देखने को मिलता है। बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल एवं अन्य देशों की घटनाओं को देखते हुए यह क्षणिक में बहुत बड़ा नुकसान कर देता है और उसके बाद निराशा में शांत होकर बैठ जाता है। इस वर्ग के इस आचरण को देखते हुए किसी क्रांतिकारी बदलाव की आशा भी देखने को नहीं मिल रही है। इससे सभी आश्चर्यचकित हैं।

## चिंतन-मनन

# कर्म से बना है वर्ण

मेरे द्वारा चार वर्णों की रचना गुण और कर्मों के हिसाब से की जाती है, फिर भी तू मुझे कभी न खत्म होना वाला और कर्मों के बंधन से मुक्ति ही जान ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र ये चार वर्ण हैं, अब ऐसा मान लेते हैं कि जो जिस घर में जन्म लेता है, वह उसी वर्ण का कहलाता है। जबकि वर्ण व्यवस्था गुण और कर्म के आधार पर शुरू हुई थी। पहले जब बच्चे को पढ़ाई के लिए गुरुकुल भेजा जाता था, तब तक वह किसी वर्ण का नहीं कहलाता था। वहां गुरु अपने शिष्यों की रुचि को जानकर उसके हिसाब से उन्हें पढ़ाते थे।

वेदों को पढ़ने में रुचि लेने वालों को ब्राह्मण, युद्ध कला में महारथी को क्षत्रिय, व्यापार में रुचि वाले को वैश्य और सेवा भाव वाले को शूद्र की उपाधि दी जाती थी। इसके बाद वे समाज में उसी के हिसाब से काम करते थे। यही भगवान कह रहे हैं कि मैंने गुणों और कर्मों के आधार पर चार वर्णों की रचना की हैं, जिससे सभी मनुष्य कर्मों में लगे रहें। ये सब करते हुए भी तुम मुझे कभी न खत्म होने वाला और कुछ न करने वाला जानो। सब कुछ करते हुए भी भगवान कह रहे हैं कि मैं कुछ भी नहीं करता।



राजेन्द्र शुक्ल

# प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, राष्ट्र सेवा का सर्वोच्च साधन बनाया

## आज विश्व भारत को निर्णायक शक्ति, विश्वसनीय साझेदार और भविष्य के नेतृत्वकर्ता के रूप में देखता है

> प्रधानमंत्री मोदी का देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित होना केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, यह भारत की जनता के अटूट विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। निरंतर जनसमर्थन किसी पद या प्रचार से नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, पारदर्शिता, निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की कार्य शैली से अर्जित होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं को सदैव 'प्रधान सेवक' के रूप में प्रस्तुत किया और गरीब, किसान, महिला, युवा तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के वन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सतत प्रयास किया।

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ क्षण ऐसे हैं जो केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं होते, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक आकांक्षाओं और विश्वास का प्रतीक बन जाते हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश की जनता के निरंतर विश्वास के साथ ऐतिहासिक जनादेश प्राप्त कर दीर्घकाल तक राष्ट्र का नेतृत्व करने का अवसर प्राप्त करना गौरवपूर्ण क्षण है। यह केवल एक व्यक्ति की सफलता नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण के संकल्प, सेवा और सुशासन की विजय है। प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति को सत्ता का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का सर्वोच्च साधन बनाया। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी एक नई पहचान स्थापित की है। आज विश्व भारत को केवल एक बड़ा बाजार नहीं, बल्कि एक निर्णायक शक्ति, विश्वसनीय साझेदार और भविष्य के नेतृत्वकर्ता के रूप में देखता है। अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की आवाज पहले से कहीं अधिक प्रभावशाली हुई है और यह परिवर्तन प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच तथा निर्णायक नेतृत्व का परिणाम है।

प्रधानमंत्री मोदी का देश के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में स्थापित होना केवल राजनीतिक उपलब्धि नहीं, यह भारत की जनता के अटूट विश्वास और स्नेह का प्रतीक है। निरंतर जनसमर्थन किसी पद या प्रचार से नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण, पारदर्शिता, निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की कार्य शैली से अर्जित होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्वयं को सदैव 'प्रधान सेवक' के रूप में प्रस्तुत किया और गरीब, किसान, महिला, युवा तथा समाज के अंतिम व्यक्ति के वन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सतत प्रयास किया। यही कारण है कि देश की जनता ने बार–बार उन पर अपना विश्वास व्यक्त किया। उनका सादगीपूर्ण व्यक्तित्व, अथक कार्यशक्ति, दूरदर्शी सोच और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का स्पष्ट संकल्प करोड़ों भारतीयों को प्रेरित करता है तथा उन्हें जन–जन का प्रिय नेता बनाता है।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत ने आत्मनिर्भरता, डिजिटल क्रांति, आधारभूत संरचना, रक्षा क्षमता, अंतरिक्ष विज्ञान और आर्थिक सुधारों के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। जनधन, उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर जल, स्वच्छ भारत मिशन, पीएम किसान सम्मान निधि और डिजिटल इंडिया जैसे अनेक कार्यक्रमों से करोड़ों नागरिकों के वन में सकारात्मक परिवर्तन आया है। शासन की योजनाएँ पहली बार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पारदर्शी ढंग से पहुँची हैं।

**भारतीय संस्कृति और आस्था के पुनर्जागरण का यह कालखंड इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में रहेगा अंकित:** भारतीय संस्कृति और आस्था के पुनर्जागरण का भी यह कालखंड इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा। अयोध्या में प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करोड़ों भारतीयों की सदियों पुरानी आस्था की पूर्ति का क्षण था। यह केवल मंदिर निर्माण नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना और आत्म गौरव का पुनर्स्थापन था। जम्मू–कश्मीर से संबंधित ऐतिहासिक निर्णयों ने राष्ट्रीय एकीकरण को नई मजबूती प्रदान की। विकास और लोकतंत्र की मुख्यधारा से जुड़ते हुए जम्मू–कश्मीर आज नए अवसरों की ओर अग्रसर है। प्रधानमंत्री ने यह सिद्ध किया कि दृढ़ इच्छा शक्ति और स्पष्ट नीति के साथ कठिन से कठिन निर्णय भी राष्ट्रहित में लिए जा सकते हैं।

**मध्यप्रदेश को प्रधानमंत्री मोदी का विशेष स्नेह और मार्गदर्शन का निरंतर लाभ प्राप्त हुआ है:** मध्यप्रदेश प्रधानमंत्री मोदी के विशेष स्नेह और मार्गदर्शन का लाभ निरंतर प्राप्त करता रहा है। प्रदेश में सड़क, रेल, सिंचाई, ऊर्जा, शहरी विकास और स्वास्थ्य क्षेत्र में अभूतपूर्व निवेश एवं परियोजनाओं ने विकास को नई गति दी है। प्रधानमंत्री की प्रेरणा से गरीब, किसान, महिला और युवाओं के वन में बदलाव लाने वाली अनेक योजनाओं का प्रभाव प्रदेश के प्रत्येक जिले तक पहुँचा है। विंध्य क्षेत्र और विशेष रूप से मेरा गृह क्षेत्र रीवा भी इस परिवर्तनकारी यात्रा का सा बना है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पावर प्रोजेक्ट ने न केवल मध्यप्रदेश बल्कि पूरे देश को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में नई पहचान दिलाई। यह परियोजना प्रधानमंत्री के उस विजन का प्रतीक है जिसमें विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ–साथ चलते हैं। आज रीवा देश के ऊर्जा मानचित्र पर एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है और विंध्य की पहचान नई संभावनाओं से जुड़ चुकी है। विंध्य क्षेत्र में सड़क संपर्क, रेल सुविधाओं, शिक्षा संस्थानों और आधारभूत संरचना के विस्तार ने विकास के नए द्वार खोले हैं। यह क्षेत्र अब पिछड़ेपन की पहचान से आगे बढ़कर प्रगति और संभावनाओं के केंद्र के रूप में उभर रहा है। इसके लिए प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन और केंद्र सरकार का सतत सहयोग अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री के रूप में मुझे यह अनुभव करने का अवसर मिला है कि प्रधानमंत्री की सोच केवल इलाज तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वस्थ भारत के व्यापक निर्माण की है। आयुष्मान भारत जैसी ऐतिहासिक योजना ने गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की है। मेडिकल कॉलेजों के विस्तार, स्वास्थ्य अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण, आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और जनकल्याणकारी स्वास्थ्य योजनाओं ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा दी है। प्रदेश सरकार भी प्रधानमंत्री के इसी दृष्टिकोण को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक नागरिक तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सुविधाएँ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है।



सीपी राधाकृष्णन

# ऐतिहासिक कार्यकाल, परिवर्तनकारी नेतृत्व

> विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। नि:शुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है।

भारत ने 10 जून, 2026 को अपने लोकतांत्रिक इतिहास में एक नया अध्याय दर्ज किया। इस रोज नरेंद्र मोदीजी ने प्रधानमंत्री के रूप में निर्बाध सेवा के 4,399 दिन पूरे कर लिए। इसके साथ ही वह भारत के लगातार सबसे लंबे समय तक पद पर रहने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए। यह ऐतिहासिक उपलब्धि सिर्फ राष्ट्र निर्माण के लिए उनकी दृढ़ प्रतिबद्धता को ही नहीं दिखाती। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व में भारत के लोगों के अडिग विश्वास और आस्था को भी प्रतिबिंबित करती है। यह उनके दूरदर्शी नेतृत्व, राष्ट्रीय विकास के लिए अथक प्रतिबद्धता तथा भारत की अवाम के कल्याण और आकांक्षाओं प्रति अटूट निष्ठा को प्रतिबिंबित करती है।

**परिवर्तनकारी नेतृत्व: 4,366 दिन और आगे:** नरेंद्र मोदीजी ने राष्ट्र के प्रधान सेवक के रूप में भारत में सुशासन और राष्ट्र प्रथम के सिद्धांतों पर आधारित अभूतपूर्व परिवर्तन के युग की शुरुआत की है। इतिहास अब्राहम लिंकन को मानव दासता का अभिशाप खत्म कर लाखों लोगों की गरिमा बहाल करने में उनके अडिग नेतृत्व के लिए उनका आदर करता है। इसी तरह, आने वाली पीढ़ियां 25 करोड़ से ज्यादा गरीबों को पूर्ण निर्धनता से बाहर निकालने के लिए नरेंद्र मोदीजी को याद करेंगी। उनकी दृष्टि, अथक प्रयासों और परिवर्तनकारी शासन ने अनगिनत परिवारों को अवसर, गरिमा और उम्मीद देकर सशक्त बनाया है तथा वे आर्थिक स्वतंत्रता और बेहतर भविष्य के आश्वासन को अपनाने में समर्थ बने हैं। उनका योगदान मानवता की सेवा में एक युगांतरकारी उपलब्धि के रूप में इतिहास में दर्ज रहेगा।

इतना ही नहीं, उनकी परिवर्तनकारी पहलकदमियों ने शिक्षा, आवासन, स्वच्छता, स्वास्थ्यसेवा और खाद्य निश्चितता के माध्यम से करोड़ों लोगों की गरिमा और सामाजिक सुरक्षा को सुनिश्चित किया है। विश्व के सबसे बड़े सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों में से एक, आयुष्मान भारत योजना के जरिए 44 करोड़ से ज्यादा नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्यसेवा प्रदान की गई है। जल जीवन मिशन ने 12 करोड़ से ज्यादा ग्रामीण घरों में सुरक्षित और विश्वसनीय पेयजल पहुंचा कर अनगिनत परिवारों को गरिमा प्रदान की और उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार किया है। नि:शुल्क खाद्यान्न के 2020 से जारी प्रावधान से लगभग 80 करोड़ लोगों की खाद्य सुरक्षा की रक्षा होने के अलावा यह सुनिश्चित हुआ है कि कोई भी कमजोर नागरिक पीछे नहीं छूटने पाए। इसके अतिरिक्त, 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों का सुरक्षित और स्थाई घर का मालिक बनने का सपना पूरा हुआ जिससे उनमें सुरक्षा, गरिमा और भविष्य के लिए उम्मीद की भावना मजबूत हुई है। कुल मिला कर, ये पहलकदमियां एक सहृदय शासन और प्रत्येक भारतीय के कल्याण के लिए अटूट प्रतिबद्धता के स्थाई प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी जी के दृष्टिकोण ने समाज के हर वर्ग को सशक्त बनाया है–चाहे वे महिलाएं हों, युवा हों, किसान हों या वंचित वर्ग के लोग। 3 करोड़ से ज़्यादा 'लखपति दीदियों' का सामने आना महिला नेतृत्व में विकास के उनके दृष्टिकोण का एक सशक्त प्रमाण है, जबकि 'नारी शक्ति' के तहत शुरू की गई पहलों ने महिलाओं को देश के निर्माण में और भी अहम भूमिका निभाने में सक्षम बनाया है। नए आईआईटी, एम्स, मेडिकल कॉलेजों और उच्च शिक्षा संस्थानों की स्थापना से भारत में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं का दायरा तेज़ी से बढ़ा है, जिससे देश के युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसर पैदा हुए हैं।

साथ ही, भारत ने इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में एक अभूतपूर्व क्रांति देखी है। वंदे भारत ट्रेनों, हवाई अड्डों, राजमार्गों और रेलवे स्टेशनों के तेज़ी से विस्तार से लेकर दूर–दराज़ के इलाकों तक कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने वाली परियोजनाओं तक, उनके नेतृत्व में एक आधुनिक, आपस में जुड़े हुए और महत्वाकांक्षी भारत की नींव रखी है। इन उपलब्धियों ने न केवल आर्थिक विकास को गति दी है, बल्कि देश भर के लाखों नागरिकों के जीवन स्तर को भी बेहतर बनाया है। भारत डिजिटल नवाचार, सेमी–कंडक्टर, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, वैक्सीन बनाने और मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में एक वैश्विक नेता के रूप में उभरा है, जिससे उभरती हुई नई प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में विश्व में हमारे देश की स्थिति और मजबूत हुई है।

**विकास भी, विरासत भी: तमिल विरासत का सम्मान, तमिलनाडु का विकास:** समकालीन नेताओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जो बात सबसे अलग और अनूठी बनाती है, वह है उनका यह दृढ़ विश्वास कि विकास और परंपरा कोई परस्पर विरोधी विचार नहीं, बल्कि एक–दूसरे के पूरक हैं। 'विकास भी, विरासत भी' की अपनी दूरदर्शी सोच के ज़रिए उन्होंने यह दिखाया है कि कोई देश अपनी सभ्यतागत विरासत से जुड़े रहते हुए भी तेज़ी से आधुनिकीकरण की राह पर आगे बढ़ सकता है।

उनके नेतृत्व में, भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, प्रौद्योगिकी, मैन्युफैक्चरिंग और समाज कल्याण के क्षेत्र में परिवर्तनकारी विकास किया है और इसके साथ ही अपनी प्राचीन संस्कृति, भाषाओं, आध्यात्मिक परंपराओं और ऐतिहासिक विरासत के प्रति एक नए गौरव का अनुभव किया है। चाहे पवित्र स्थलों का जीर्णोद्धार हो, सांस्कृतिक प्रतीकों का पुनरुत्थान हो, शास्त्रीय भाषाओं को बढ़ावा देना या अमूल्य कलाकृतियों का संरक्षण हो– उनके शासन में आधुनिक आकांक्षाओं और शाश्वत मूल्यों का दुर्लभ समन्वय देखने को मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नज़रिए ने राष्ट्र–निर्माण की परिभाषा को नए सिरे से गढ़ा है। उन्होंने यह साबित किया है कि असली विकास का पैमाना सिर्फ़ आर्थिक तरक्की नहीं है, बल्कि इसे इस बात से भी मापा जाता है कि एक राष्ट्र अपनी विरासत को भावी पीढ़ियों के लिए संरक्षित करने, संजोने और सौंपने में कितना सक्षम है। उनकी 'विकास भी, विरासत भी' की सोच एक ऐसे आत्मविश्वास से भरे और नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ते भारत के लिए मार्गदर्शक सिद्धांत बन गई है, जो अपने गौरवशाली अतीत से मज़बूती से जुडेक रहते हुए भविष्य की ओर निडरता से कदम बढ़ा रहा है।

इस सोच का सबसे ज़्यादा फ़ायदा तमिलनाडु और दुनिया भर में फैले तमिल समुदाय को मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में उनकी समृद्ध भाषाई, सांस्कृतिक और सभ्यतागत विरासत को अभूतपूर्व पहचान, सम्मान और समर्थन मिला है। प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में चलाई जा रही परिवर्तनकारी पहलों से तमिलनाडु को बहुत लाभ हुआ है, जिनमें चेन्नई मेट्रो रेल का विस्तार, चेन्नई–बेंगलुरु एक्सप्रेसवे, तमिलनाडु रक्षा औद्योगिक गलियारा, बंदरगाहों और हवाई अड्डों का आधुनिकीकरण, राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार, रेलवे स्टेशनों का पुनर्विकास और नया पाम्बन रेल पुल शामिल हैं।भारत के पहले वर्टिकल–लिफ्ट सी–ब्रिज, नए पाम्बन रेल पुल का उद्घाटन एक ऐतिहासिक उपलब्धि है, जो रामेश्वरम के लिए कनेक्टिविटी को बेहतर बनाता है और भारत की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता का प्रतीक है। आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के निरंतर और दृढ़ प्रयास के कारण, तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स, मोबाइल फोन और आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए एक प्रमुख केंद्र के तौर पर भी उभरा है।

## खास बात

### बाप कमाई पर, भारत की ऐश?

जिन लोगों ने अंग्रेजों की गुलामी से मुक्त होने के लिए लड़ाई लड़ी थी। उसमें वह सफल हुए, स्वतंत्र होने के बाद उन्होंने 60 वर्षों में मेहनत करके जो बनाया था। अगली पीढ़ी को उसे भोगना ही था। पहली और दूसरी पीढ़ी कमाती है। तीसरी पीढ़ी उसे भोगती है। बाप कमाई पर तीसरी पीढी ऐश कर रही है। नई पीढ़ी ने इतनी तेजी के साथ ऐश किया। 50 वर्षों की कमाई 12 वर्षों में खर्च कर दी। जो पूंजी थी, उसे विदेश भेज दिया। अब संकट के समय याद आ रहा है, बाप ने यदि यह किया होता, तो आज हमारी यह स्थिति नहीं होती। देवताओं और राक्षसों के बीच में यही होता आया है। 75 वर्ष के बाद थका हुआ गरीब और बेरोजगार भारत नजर आ रहा है।

### राज्यसभा के चुनाव में हेमंत सोरेन और भाजपा

झारखंड में हेमंत सोरेन क्या भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार को राज्यसभा के चुनाव में हरा पाएंगे। इसको लेकर अटकलें का दौर शुरू हो गया है। 2 विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने भाजपा को पटकनी दी है। प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री शाह का कोई जादू झारखंड में नहीं चला है। राज्यसभा के चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में रिलायंस समूह के नाथवानी इंटर कर गए हैं।दो बार वह झारखंड से राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। कांग्रेस ने एक उम्मीदवार उतार दिया है।जिसके कारण राज्यसभा चुनाव में हार जीत को लेकर तरह–तरह के दावे किए जा रहे हैं। राजनीति में कोई किसी का सगा नहीं होता है। हेमंत सोरेन क्या करेंगे, इसका पता तो चुनाव परिणाम के बाद ही लगेगा। एनडीए के पास 24 विधायक हैं। इंडिया गठबंधन के पास 28 विधायक हैं। एक अरबपति प्रत्याशी है। जो करोड़ों रुपए खर्च करके दोनों ही गठबंधन में सेंध लगाने में सक्षम है। झारखंड में वही होगा जो राम भगवान चाहेंगे

### बिना इलाज के 45 फ़ीसदी मरीज भगवान को प्यारे

सरकार के सांख्यिकी विभाग की एक रिपोर्ट सामने आई है। उस रिपोर्ट में बताया गया है। वर्ष 2024 में देश में जितनी मौतें हुई है। उसमें 45.5 फ़ीसदी मरीजों को चिकित्सा सुविधा नहीं मिली है। वह बीमार होने या एक्सीडेंट के बाद बिना किसी चिकित्सा सुविधा के भगवान को प्यारे हो गए हैं। एसआरएस की रिपोर्ट के अनुसार जिन व्यक्तियों को मौत के पहले चिकित्सा सहायता नहीं मिली है।उनका अलग से रिकॉर्ड रखा जाता है।

## राशिफल

शुभ संवत 2083, शाके 1948, सौम्य गोष्ठ, द्वितीय ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष, ग्रीष्म ऋतु, गुरु उदय पूर्वे, शुक्रोदय, पश्चिमे तिथि, त्रियोदशी, शनिवार, कृतिका नक्षत्रे, शुभ योगे, वल करणे, वृष की चंद्रमा, भद्रा 20/34 चर्तुदर्शी व्रत, सर्वार्थ सिद्ध योग 46/41तथापि दक्षिण दिशा की यात्रा शुभ उत्तम फलप्रद होगी।

**आज जन्म लिए बालक का फल**

आज जन्म लिया बालक बड़ा ही बुद्धिमान, योग्य, बुद्धिमान पंडित, लेखक, कवि, उत्तम प्रकृति, विद्या–बुद्धि का दाता, शिक्षक, लेक्चरार, प्रोफेसर, नीति निपुर्ण, सामाजिक कार्यकर्ता, पार्टी संगठक, बड़ा कलाकार, उद्यमी होगा।

**मेष राशि :–** इष्ट मित्र सुख वर्धक होंगे, प्रयत्नशीलता तथा सफलता से लाभ होगा।

**वृष राशि :–** समय पर सोचे कार्य बनेंगे, कार्य तत्परता से लाभ अवश्य ही होगा।

**मिथुन राशि :–** मनोबल उत्साह वर्धक होगा, व्यावसायिक क्षमता में वृद्धि अवश्य होगी।

**कर्क राशि :–** परिश्रम में सफलता सम्भव है, सोच–समझ कर कार्य करें।

**सिंह राशि :–** कार्य वृत्ति में सुधार, चिन्ताऐं कम हों, सफलता के साधन अवश्य बनेंगे।

**कन्या राशि :–** परिश्रम करने पर भी सफलता दिखायी न देवे, कार्य स्थगित रखना ठीक होगा।

**तुला राशि :–** कुछ लोगों से मेल–मिलाप सम्भव, कार्य क्षमता अनुकूल अवश्य होगी।

**वृश्चिक राशि :–** स्वास्थ नरम, चोटादि का भय होगा, मनोबल उत्साहवर्धक होगा।

**धनु राशि :–** कार्य कुशलता से संतोष, दैनिक कार्यवृत्ति में सुधार होगा, ध्यान रखें।

**मकर राशि :–** मनोबल उत्साहवर्धक हो, इष्ट मित्रों से परेशानी, धोखे से बचें।

**कुंभ राशि :–** कार्य–व्यावसाय गति मंद होते हुए भी साधन सम्पन्नता बनकर कार्य होगा।

**मीन राशि :–** विघटनकारी तत्व परेशान करें, अनायास कुछ बाधायें बन जायेंगी।

## दैनिक पंचांग

**13 जून 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.27 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कर्क | 07.40 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 09.57 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.09 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.19 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.34 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 18.50 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 20.55 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.42 बजे से |
| राहुकाल | | मीन | 00.14 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मेष | 01.45 बजे से |
| बजे तक | | वृष | 03.25 बजे से |


**शनिवार** 2026 वर्ष का 164 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948 **मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण **तिथि** त्रयोदशी 16.08 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** कृत्तिका 01.17 बजे रात्र को समाप्त। **योग** सुकर्मा 17.29 बजे को समाप्त। **करण** गर 05.56 बजे, वणिज 16.08 बजे तदनन्तर विष्टि 02.16 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 23° 12' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872739 **जूलियन दिन** 2461204.5 **कलियुग संवत्** 5128 **कल्पारंभ संवत्** 1972949128 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** जिल्हेज **तारीख** 27 **विशेष** मासिक शिवरात्रि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# खाने-पीने की इन चीजों का सेवन करने से बचें

## कम हो जाएगा लिवर से जुड़ी बीमारियों का खतरा



अगर आप अपने लिवर की सेहत को मजबूत बनाए रखना चाहते हैं, तो आपको अपने खान-पान पर खास ध्यान देने की जरूरत है। अनहेल्दी खान-पान की वजह से आपका लिवर बुरी तरह से डैमेज हो सकता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि लिवर खून को साफ करने का काम करता है और अगर आपका लिवर हेल्दी नहीं रहेगा तो आपको सेहत से जुड़ी कई समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

### फ्राइड फूड्स से परहेज करने की कोशिश करें

जो लोग अक्सर फ्राइड फूड्स खाते हैं, उन्हें लिवर से जुड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। तला-भुना खाना लिवर में सूजन पैदा कर सकता है। लिवर से जुड़ी बीमारियों से बचने के लिए फ्राइड फूड्स से परहेज करने में ही समझदारी है।

### शुगरी ड्रिंक्स पीने से बचना चाहिए

क्या आप अक्सर शुगरी ड्रिंक्स पीते हैं? अगर हां, तो आपकी इस आदत की वजह से लिवर से जुड़ी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। फैटी लिवर समेत दूसरी लिवर से जुड़ी समस्याओं से बचने के लिए शुगरी ड्रिंक्स को अपने डाइट प्लान में शामिल न करें।

### नुकसान पहुंचा सकता है प्रोसेस्ड मीट

अगर आप भी अक्सर प्रोसेस्ड मीट का सेवन करते हैं, तो आपको सावधान हो जाना चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक प्रोसेस्ड मीट आपके लिवर की सेहत को बुरी तरह से प्रभावित कर सकता है। यही वजह है कि आपको लिमिट में रहकर ही प्रोसेस्ड मीट को कंज्यूम करना चाहिए।

### घातक साबित हो सकती है शराब पीने की आदत

अगर आप शराब पीते हैं, तो न केवल आपका लिवर बल्कि आपकी ओवरऑल हेल्थ बुरी तरह से डैमेज हो सकती है। सेहत से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम करने के लिए आपको शराब पीना छोड़ देना चाहिए।

# दूध के साथ करें इन चीजों का सेवन

## दूर हो जाएगी विटामिन बी12 की कमी

विटामिन बी12 की कमी आपकी सेहत पर बुरा असर डाल सकती है। इसलिए आपको इस जरूरी पोषक तत्व की कमी को जल्द से जल्द दूर करने की कोशिश करनी चाहिए। इसके लिए आप अपने डाइट प्लान में थोड़े बहुत बदलाव कर सकते हैं। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि दूध के साथ कुछ चीजों को कंज्यूम करके आपको विटामिन बी12 की कमी से छुटकारा मिल सकता है।

खा सकते हैं खजूर – विटामिन बी12 की कमी को दूर करने के लिए खजूर का सेवन किया जा सकता है। रात में सोने से पहले दो से चार खजूर को गुनगुने दूध के साथ कंज्यूम करने से जल्द ही विटामिन बी12 की कमी दूर हो सकती है। इसके अलावा इस तरह से खजूर का सेवन करके आप अपनी स्लीप क्वॉलिटी को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं।

दूध के साथ पनीर खाएं – पनीर में विटामिन बी12 की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। सोने से पहले गुनगुने दूध के साथ थोड़ा सा पनीर खाएं और विटामिन बी12 की कमी से छुटकारा पाएं। अगर आप अंडा खा लेते हैं, तो दूध के साथ बॉइल्ड एग को भी कंज्यूम कर सकते हैं। दूध के साथ पनीर या फिर अंडे का सेवन करके आप अपनी ओवरऑल हेल्थ को भी काफी हद तक सुधार सकते हैं।

फायदेमंद साबित होगा मेथी दाना 9



# अमरूद के पत्तों में छिपा है सेहत का खजाना

## जानें इससे मिलते हैं कौन से फायदे और सेवन का सही तरीका

**अमरूद का सेवन सेहत के लिए फायदेमंद माना जाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं अमरुद के पत्तों भी आयुर्वेदिक गुणों से भरपूर होते हैं। अमरुद के पत्तों में एंटीऑक्सीडेंट, विटामिन और मिनिरल्स होते हैं जो समग्र स्वास्थ्य का समर्थन कर सकते हैं। ऐसे में चलिए जानते हैं अमरुद का सेवन करने से सेहत को कौन से फायदे होते हैं और इसका इस्तेमाल कैसे करें?**

### अमरुद के पत्तों से मिलते हैं ये फायदे:

पाचन होता है बेहतर: अमरूद के पत्ते एसिडिटी को कम करके और पोषक तत्वों के बेहतर अवशोषण को बढ़ावा देकर दस्त और सूजन जैसी पाचन समस्याओं में मदद कर सकते हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है मजबूत: अमरूद के पत्तों में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट के उच्च स्तर प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और संक्रमण से बचाने में मदद कर सकते हैं।

स्किन से जुड़ी परेशानियां होती हैं दूर: अमरूद के पत्तों का उपयोग उनके विरोधी भड़काऊ और एंटीऑक्सीडेंट गुणों के कारण मुँहासे, काले धब्बे और उम्र बढ़ने के संकेतों सहित विभिन्न त्वचा संबंधी समस्याओं को दूर करने के लिए किया जा सकता है।

दांतों के लिए फायदेमंद: अमरूद के पत्तों को चबाने से दांत दर्द और मसूड़ों की समस्याओं को कम करने में मदद मिल सकती है। इसमें मौजूद जीवाणुरोधी गुण मसूड़ों की बीमारी, दांत दर्द और सांसों की बदबू को रोकने में मदद करते हैं।

हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी: अमरूद के पत्ते खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करके और संभावित रूप से रक्तचाप विनियमन का समर्थन करके हृदय स्वास्थ्य में योगदान दे सकते हैं।

रक्त शर्करा नियंत्रण: अमरूद के पत्ते रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं, संभावित रूप से मधुमेह वाले व्यक्तियों या जोखिम वाले लोगों को लाभ पहुंचा सकते हैं।

पीरियड्स के दर्द में फायदेमंद: अमरूद के पत्ते मासिक धर्म में ऐंठन के लिए भी लाभ प्रदान कर सकते हैं, संभावित रूप से दर्द की तीव्रता को कम करने के साथ-साथ वजन घटाने में भी सहायता कर सकते हैं।

### कैसे करें अमरुद के पत्तों का इस्तेमाल?

ताजे या सूखे अमरूद के पत्तों को 5-10 मिनट तक पानी में उबालें फिर उसे छानकर पिएं। आप स्वाद के लिए शहद या नींबू मिला सकते हैं। अमरूद के पत्तों को पानी में उबालकर ठंडा होने दें। शैम्पू करने के बाद ठंडे पानी से बालों को धोएँ, इससे बाल मज़बूत होंगे और बालों का झड़ना कम होगा। आराम और सुगंधित स्नान के लिए अपने नहाने के पानी में अमरूद के पत्ते डालें।



# दिल की सेहत को मजबूत बनाए अंजीर का पानी

आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अंजीर के पानी में पोटैशियम, मैग्नीशियम, कैल्शियम, विटामिन ए, विटामिन बी, विटामिन के, फाइबर, प्रोटीन, आयरन और जिंक समेत कई पोषक तत्वों की अच्छी खासी मात्रा पाई जाती है। यही वजह है कि इस ड्राई फ्रूट के पानी को ओवरऑल हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद माना जाता है। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको सुबह-सुबह खाली पेट अंजीर का पानी पीना चाहिए।

### गट हेल्थ के लिए फायदेमंद

अगर आप पेट से जुड़ी समस्याओं से छुटकारा पाना चाहते हैं तो अंजीर का पानी पीना शुरू कर दीजिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स के मुताबिक अंजीर का पानी आपकी गट हेल्थ के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है। इसके अलावा फाइबर रिच अंजीर का पानी पीकर आप अपनी वेट लॉस जर्नी को भी आसान बना सकते हैं।

### दिल की सेहत को मजबूत बनाए

क्या आप दिल से जुड़ी गंभीर और जानलेवा बीमारियों के खतरे को कम करना चाहते हैं? अगर हां, तो आपको अंजीर के पानी को अपने डेली डाइट प्लान का हिस्सा बना लेना चाहिए। अंजीर के पानी में पाए जाने वाले तमाम पोषक तत्व आपके दिल की सेहत को मजबूत बनाने में कारगर साबित हो सकते हैं। अंजीर का पानी आपकी बोन हेल्थ के लिए भी काफी ज्यादा फायदेमंद साबित हो सकता है।

### मिलेंगे एक से बढ़कर एक फायदे

जो लोग कमजोर इम्यूनिटी की वजह से बार-बार बीमार पड़ जाते हैं, उन्हें अंजीर का पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल करने के लिए भी इस ड्राई फ्रूट के पानी को कंज्यूम किया जा सकता है। सेहत से जुड़ी इन समस्याओं से छुटकारा पाने और शरीर को फौलादी बनाने के लिए हर रोज सुबह-सुबह अंजीर का पानी पीना शुरू कर दीजिए और महज कुछ ही हफ्तों के अंदर खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर देखिए।

# कितनी देर में खराब हो जाती है चाय?

कई लोगों को इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता कि सर्दियों का मौसम चल रहा है या फिर गर्मियों का, उन्हें दिन में एक से दो बार चाय तो पीनी ही होती है। कुछ लोग अपने दिन की शुरुआत चाय से करते हैं, तो वहीं कुछ लोग अपनी थकावट को दूर करने के लिए चाय का सेवन करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि ज्यादा देर तक रखी हुई चाय को पीना आपकी सेहत के लिए खतरनाक साबित हो सकता है?

कितनी देर में हो जाती है खराब?

दूध वाली चाय को ज्यादा देर तक नहीं रखना चाहिए। एक बार आपने चाय को पका लिया, तो आपको चाय को ठंडा होने से पहले पी लेना चाहिए। चाय को आधे घंटे से पहले ही पी लेना चाहिए। दूध वाली चाय हर्बल टी की तुलना में जल्दी खराब हो जाती है। हर्बल टी को आप कुछ घंटों तक फ्रिज में स्टोर करके रख सकते हैं।

डाइजेस्टिव सिस्टम पर पड़ सकता है बुरा असर

अगर आपने ज्यादा देर तक रखी हुई चाय को पिया, तो आपके डाइजेस्टिव सिस्टम पर बुरा असर पड़ सकता है। छोटी सी लगने वाली इस गलती की वजह से एसिडिटी, कब्ज और फूड पॉइजनिंग जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं। इसके अलावा चाय को ज्यादा देर तक रखने के कारण उसके अंदर मौजूद पोषक तत्व भी कम होते चले जाते हैं।



# सुबह खाली पेट पिएं ये देसी ड्रिंक्स, वजन होगा तेजी से कम



**अगर आपका वजन तेजी से बढ़ रहा है तो उसे कम करने के लिए अपनी डाइट में इन कुछ देसी ड्रिंक्स को शामिल करें। इन ड्रिंक्स को खाली पेट पीने से न केवल वजन कम होता है बल्कि सेहत से जुड़े अन्य कई फायदे मिलते हैं। संतुलित आहार और नियमित व्यायाम के साथ अपनी सुबह की दिनचर्या में इन ड्रिंक्स को शामिल करने से मेटाबॉलिज़्म तेज होता है जिससे वजन कम करना आसान हो जाता है। चलिए जानते हैं किन ड्रिंक्स के सेवन से बढ़ते मोटापे पर लगाम लगाया जा सकता है।**

### इन देसी ड्रिंक्स से करें दिन की शुरुआत:

नींबू पानी: नींबू पानी विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होता है। खाली पेट सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करने, पाचन में सुधार करने और पेट भरा होने का एहसास दिलाती है। एक गिलास गर्म पानी में आधा नींबू का रस निचोड़ें। अच्छी तरह से हिलाएँ और इसे खाली पेट पिएँ।

जीरा पानी: जीरा रसोई का एक मुख्य हिस्सा है। जीरा पानी वजन कम करने के साथ आपका पाचन भी दुरुस्त करता है। साथ ही यह जीरा पानी पाचन एंजाइमों को एक्टिव करता है, जिससे खाना आसानी से पच जाता है। जीरा पानी पेट फूलना, कब्ज और एसिडिटी जैसी समस्याओं से राहत दिलाता है। एक कप पानी में 1 चम्मच जीरा रात भर भिगोएँ। सुबह इसे उबालें, छान लें और इसे गर्म-गर्म पीएँ। नाश्ते से कम से कम 20 मिनट पहले इसे पिएँ।

आंवला का जूस: आंवला विटामिन सी से भरपूर होता है और बेहतर पाचन को बढ़ाता है, वजन को कम करता है, मेटाबॉलिज़्म बढ़ाता है और बॉडी को डिटॉक्सफाई करता है। एक गिलास गर्म पानी में 2 बड़े चम्मच ताज़ा आंवला का जूस मिलाएँ। इसे खाली पेट पिएँ। इसे चाय या कॉफ़ी के साथ पीने से बचें।

दालचीनी का पानी: अगर आप वजन तेजी से कम करना चाहते हैं तो दालचीनी के पानी से बेहतर कोई विकल्प नहीं है। दालचीनी का पानी चयापचय को तेज़ करने और इंसुलिन के स्तर को नियंत्रण में रखने में मदद कर सकता है, जिससे वजन प्रबंधन में सहायता मिलती है। एक कप पानी उबालें और उसमें एक चम्मच दालचीनी पाउडर या दालचीनी की एक छड़ी डालें। इसे 10 मिनट तक भीगने दें। छान लें और गरम-गरम पी लें।

## संक्षिप्त समाचार

### भारतीय हॉकी के लिए रोमांचक हैं अगले दो सप्ताह, पुरुष-महिला टीमों के होंगे कई अंतरराष्ट्रीय मुकाबले

**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी प्रशंसकों के लिए आगामी दो सप्ताह बेहद रोमांचक होने वाले हैं। 14 से 28 जून तक भारतीय पुरुष और महिला हॉकी टीमें अलग-अलग महाद्वीपों में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगी, जिससे लगभग हर दिन भारतीय हॉकी देखने का मौका मिलेगा। भारतीय पुरुष टीम यूरोप में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2025-26 में हिस्सा लेगी, जबकि भारतीय महिला टीम न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में एफआईएच महिला हॉकी नेशंस कप खेलेगी। यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि इसी वर्ष विश्व कप और एशियाई खेलों जैसे बड़े टूर्नामेंट होने हैं। ऐसे में इन मुकाबलों को टीम संयोजन और खिलाड़ियों की तैयारी की दृष्टि से अहम माना जा रहा है। पुरुष टीम की शुरुआत रॉटरडैम में विश्व नंबर-1 नीदरलैंड के खिलाफ होगी। इसके बाद टीम मौजूदा विश्व चैंपियन जर्मनी से लगातार दो मुकाबले खेलेगी। बाद में लंदन में भारत-पाकिस्तान की ऐतिहासिक प्रतिद्वंद्विता भी देखने को मिलेगी, जो इस दौरे का सबसे चर्चित हिस्सा मानी जा रही है। दूसरी ओर भारतीय महिला टीम का लक्ष्य नेशंस कप जीतकर अगले सत्र की एफआईएच प्रो लीग में वापसी करना होगा। ऑकलैंड में होने वाला यह टूर्नामेंट महिला टीम के लिए विश्व स्तरीय मंच पर अपनी दावेदारी मजबूत करने का अवसर है।


### सारांश-आनंद के दम पर निमाड़ ईगल्स की रोमांचक जीत

**इंदौर।** रॉयल निमाड़ ईगल्स ने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के 20वें मुकाबले में रीवा जगुआर को 3 विकेट से हराकर टूर्नामेंट में अपनी निरंतरता बरकरार रखी है। डेली कॉलेज ग्राउंड पर खेले गए इस रोमांचक मैच में निमाड़ ईगल्स ने दबाव के पलों में संयम दिखाते हुए 19.3 ओवर में लक्ष्य हासिल किया। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने उतरी निमाड़ ईगल्स ने रीवा जगुआर पर शुरुआत से ही शिकंजा कस लिया। रीवा की टीम निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर मात्र 130 रन ही बना सकी। रीवा के लिए मो. अरहम अकील और अथर्व महाजन ने 33-33 रन बनाए। कप्तान सारांश जैन ने 18 रन देकर 3 विकेट लिए, जबकि देवेंद्र सिंह कठैत ने 20 रन देकर 2 विकेट झटके। 131 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए निमाड़ ईगल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम 11 रन पर 3 विकेट गंवाकर संकट में थी। इसके बाद आनंद बैस ने 56 गेंदों में 64 रन की मैच जिताऊ पारी खेली। कप्तान सारांश जैन ने 28 रन बनाकर उनका बखूबी साथ निभाया। अंत में अभिषेक मावी के छक्के से ईगल्स ने जीत सुनिश्चित की। आनंद बैस को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप 2026

# पीवी सिंधु सेमीफाइनल में तान्वी का सफर समाप्त

**सिडनी ■ एजेंसी**



ऑस्ट्रेलियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शानदार प्रदर्शन करते हुए महिला एकल के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

शुक्रवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में सिंधु ने चीनी ताइपे की चेन सू यू को एकतरफा अंदाज में 21-6, 21-9 से हराया। पूरे मुकाबले में सिंधु ने शुरुआत से अंत तक दबदबा बनाए रखा और प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। हाल के महीनों में यह सिंधु की सबसे प्रभावशाली जीतों में से एक रही। अब सेमीफाइनल में सिंधु का मुकाबला जापान की शीर्ष वरीय खिलाड़ी अकाने यामागुची से होगा।

दूसरी ओर भारत की युवा खिलाड़ी तान्वी शर्मा का शानदार अभियान क्वार्टरफाइनल में समाप्त हो गया। यामागुची ने तान्वी को 21-14, 21-14 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया।

पूर्व विश्व चैंपियन यामागुची ने अपने अनुभव और लगातार सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबले की शुरुआत से नियंत्रण बनाए रखा। तान्वी ने कई अच्छे रैलियां खेलीं, लेकिन यामागुची की मजबूत रक्षा और निरंतरता के सामने वह बढ़त नहीं बना सकीं। हालांकि हार के बावजूद तान्वी का क्वार्टरफाइनल तक पहुंचना भारतीय बैडमिंटन के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। युवा खिलाड़ी ने टूर्नामेंट के दौरान कई शानदार जीत दर्ज कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। सिंधु के लिए यह इस सत्र में खेले गए आठ बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर टूर्नामेंट में केवल दूसरा सेमीफाइनल है। इससे पहले प्री-क्वार्टरफाइनल में उन्हें भारतीय खिलाड़ी ईशरानी बरुआ के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन क्वार्टरफाइनल में उन्होंने पूरी तरह अलग अंदाज में जीत दर्ज की।

### धर्मशाला में भारत और अफगानिस्तान के बीच शनिवार को एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय मुकाबला

**धर्मशाला।** विश्व के सबसे खूबसूरत क्रिकेट स्टेडियम में से एक एचपीसीए क्रिकेट स्टेडियम में शनिवार को भारत और अफ़गानिस्तान के बीच भिड़ंत होगी। दोनों टीमों के बीच तीन एकदिवसीय मैचों की सीरीज का पहला मैच धर्मशाला के लश ग्रीन मैदान में खेला जाएगा। वनडे में टीम इंडिया के आगे भले ही अफगानिस्तान का रिकॉर्ड कोई खास नहीं रहा है लेकिन फिर भी इस मैच के रोमांचक होने की उम्मीद की जा रही है। डे नाईट पहले वनडे इंटरनेशनल मैच को लेकर न सिर्फ क्रिकेट प्रेमियों बल्कि खिलाड़ियों में भी खासा उत्साह है। धर्मशाला में देश भर सहित अफगानिस्तान से भी प्रशंसक दुनिया के बड़े क्रिकेट खिलाड़ियों को मैदान पर खेलते देखने के लिए पंहुच रहे हैं।

## फीफा विश्व कप : ह्वांग इन-बोम के ऑलराउंड प्रदर्शन की बदौलत दक्षिण कोरिया ने चेक गणराज्य को 2-1 से हराया

**ग्वाडलाहारा ■ एजेंसी**



फीफा विश्व कप 2026 के मुकाबले में दक्षिण कोरिया ने शानदार वापसी करते हुए चेक गणराज्य को 2-1 से हराकर जीत दर्ज की। ग्वाडलाहारा स्टेडियम में भारतीय समयानुसार शुक्रवार सुबह खेले गए इस मुकाबले में ह्वांग इन-बोम एक गोल करने के साथ एक गोल में सहायता देकर जीत के नायक बने।

पहले हाफ में दोनों टीमें अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सकीं और दर्शकों ने निराशा भी जताई। गोलरहित पहले हाफ के बाद मुकाबले में जान दूसरे हिस्से में आई। 59वें मिनट में चेक गणराज्य ने बढ़त बनाई। कप्तान लादिस्लाव क्रेज़ी ने पेनल्टी क्षेत्र में मिले लंबे थ्रो को हेडर के जरिए गोल में बदलकर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि दक्षिण कोरिया ने जल्द ही वापसी की। 67वें मिनट में ह्वांग इन-बोम ने शानदार व्यक्तिगत कौशल का प्रदर्शन करते हुए दो रक्षकों को छकाया और शानदार गोल दागकर स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद 80वें मिनट में ह्वांग ने दाएं छोर से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिस पर ओ ह्योन-ग्यू ने गोल कर दक्षिण कोरिया को निर्णायक बढ़त दिला दी।

स्टार फॉरवर्ड सोन ह्युंग-मिन की अगुआई में दक्षिण कोरिया ने पूरे मैच में गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और चेक टीम पर लगातार दबाव बनाया। फीफा रैंकिंग में 25वें स्थान पर मौजूद कोरिया ने 38वीं रैंकिंग वाली चेक टीम की तुलना में अधिक मौके बनाए और अंततः जीत हासिल की। यह चेक गणराज्य का 2006 के बाद पहला विश्व कप मुकाबला था, लेकिन टीम वापसी नहीं कर सकी। स्टेडियम की क्षमता 45,664 होने के बावजूद आधिकारिक दर्शक संख्या 44,985 दर्ज की गई, हालांकि कई हिस्सों में सीटें खाली दिखाई दीं।

# चंबल घड़ियाल्स ने भोपाल लीपर्ड्स और इंदौर पिंक पैंथर्स ने बुंदेलखंड बुल्स को हराया

**इंदौर ■ एजेंसी**

चंबल घड़ियाल्स ने मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के 21वें मुकाबले में भोपाल लीपर्ड्स को 5 विकेट से हराकर शानदार जीत दर्ज की। डेली कॉलेज ग्राउंड पर खेले गए इस मैच में चंबल के गेंदबाजों ने भोपाल के बल्लेबाजी क्रम को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भोपाल लीपर्ड्स की शुरुआत बेहद खराब रही। चंबल के तेज गेंदबाज संदीप सिंह ने घातक गेंदबाजी करते हुए 17 रन देकर 4 विकेट चटकाए। उनके सामने भोपाल के बल्लेबाज टिक नहीं सके और टीम निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 142 रन ही बना पाई। भोपाल के लिए तनिष्क यादव ने 38 और अंश बगाडिया ने 34 रन का योगदान दिया।



143 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चंबल की शुरुआत भी लड़खड़ा गई थी, लेकिन शुभम शर्मा ने जिम्मेदारी संभालते हुए नाबाद 52 रन बनाए। उन्हें अपूर्व द्विवेदी (26) और अंत में अमन भदौरिया (22*) का अच्छा साथ मिला। चंबल ने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। संदीप सिंह को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

### शुभम राठौर की आतिशी बल्लेबाजी और शिवम-वेंकटेश की घातक गेंदबाजी से इंदौर की शानदार जीत

मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग के 22वें मुकाबले में इंदौर पिंक पैंथर्स ने बुंदेलखंड बुल्स को 25 रनों से परास्त किया। होलकर स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में इंदौर के बल्लेबाजों ने रनों का पहाड़ खड़ा किया, वहीं उनके गेंदबाजों ने सटीक लाइन-लेंथ से विपक्षी टीम के इरादों को ध्वस्त कर दिया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी इंदौर की शुरुआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही थी। एक समय टीम दबाव में थी, लेकिन तभी प्लेयर ऑफ द मैच शुभम राठौर ने पारी की बागडोर संभाली। शुभम ने महज 19 गेंदों में नाबाद 42 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेलकर टीम के स्कोर को तेजी से गति प्रदान की, जिससे इंदौर 172 रनों का चुनौतीपूर्ण लक्ष्य खड़ा कर सका। उनकी इस पारी में 4 छक्के और 2 चौके शामिल थे। कप्तान वेंकटेश अय्यर (32) और सिद्धार्थ पाटीदार (28) ने भी उपयोगी योगदान दिया। बुंदेलखंड की तरफ से कुलदीप सेन ने 3 विकेट चटकाए। 173 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुंदेलखंड बुल्स की टीम इंदौर के गेंदबाजों के आगे टिक नहीं सकी। इंदौर के लिए शिवम शुक्ला और कप्तान वेंकटेश अय्यर ने घातक गेंदबाजी का नमूना पेश करते हुए बुंदेलखंड के बल्लेबाजों को बांधे रखा और महत्वपूर्ण अंतराल पर विकेट झटके। पूरी टीम 20 ओवर में 147 रनों पर सिमट गई। रुद्रांश सिंह (37) और अभिषेक पाठक (29) ने जीत की कोशिश जरूर की, लेकिन इंदौर के अनुशासित आक्रमण के सामने उन्हें हार स्वीकार करनी पड़ी।



## व्यापार

# सराफा : सोने के भाव में लगातार दूसरे दिन बड़ी गिरावट, चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

घरेलू सर्राफा बाजार में आज शुरुआती कारोबार के दौरान सोने के भाव में जबरदस्त गिरावट का रुख बना हुआ है। भाव में आई कमजोरी के कारण चेन्नई के अलावा देश के दूसरे सर्राफा बाजार में सोना आज 2,950 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,220 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। वहीं, चेन्नई में सोने के भाव में 3,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 3,270 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई। सोना के विपरीत चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है।

भाव में गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,47,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं, 22 कैरेट सोना आज 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,34,990 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,49,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,45,780 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,640 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,45,680 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,33,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,47,270 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,34,990 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,45,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,45,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,33,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,45,680 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,33,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,45,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,33,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में कमजोरी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,45,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,33,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



### एफएसएसएआई ने केएफसी, फ्लिपकार्ट इंडिया और नेस्ले को जारी किया नोटिस

**नई दिल्ली।** भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने खाद्य सुरक्षा और स्वच्छता से जुड़ी शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तीन बड़ी कंपनियों के खिलाफ कार्रवाई की है। प्राधिकरण ने सोशल मीडिया पर सामने आई उपभोक्ताओं की शिकायतों के आधार पर नेस्ले इंडिया, फ्लिपकार्ट इंडिया और केएफसी को नोटिस जारी कर विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। एफएसएसएआई की ओर से जारी नोटिस में कंपनियों से पूछा गया है कि संबंधित शिकायतों की जांच के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कौन-से सुधारात्मक उपाय किए जा रहे हैं।

### विदेशी मुद्रा भंडार 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर पर

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच आर्थिक मोंचे पर झटका लगने वाली खबर है। लगातार तीसरे हफ्ते विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट दर्ज हुई है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार पांच जून को समाप्त हफ्ते में 71.1 करोड़ डॉलर घटकर 681.61 अरब डॉलर रह गया।



रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि पांच जून को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार घटकर 681.61 अरब डॉलर रहा है। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 93.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 682.32 अरब डॉलर रहा था। आरबीआई आंकड़ों के मुताबिक पांच जून को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां (एफसीए) 270.4 करोड़ डॉलर घटकर 543.44 अरब डॉलर रह गईं। हालांकि, इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 1.97 अरब डॉलर बढ़कर 114.57 अरब डॉलर पर पहुंच गया। आरबीआई ने बताया कि इस अवधि में विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.8 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.76 अरब डॉलर हो गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित कोष की स्थिति 4.826 अरब डॉलर रही है।

उल्लेखनीय है कि इससे पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी, 2026 को समाप्त हफ्ते में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था। डॉलर के संदर्भ में विदेशी मुद्रा आस्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है।

## खुदरा महंगाई दर मई महीने में बढ़कर 3.93 फीसदी पर



**नई दिल्ली।** देश में खुदरा महंगाई की रफ्तार एक बार फिर बढ़ गई है। मई में खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 फीसदी हो गई है। इससे पिछले महीने अप्रैल में यह 3.48 फीसदी रही थी।

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि सीपीआई पर आधारित खुदरा महंगाई दर में ये वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य कीमतों और सब्जियों, विशेषकर टमाटरों की बढ़ती कीमतों के कारण हुई है। पिछले 5 महीनों में ये पहली बार है जब खुदरा महंगाई रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के मीडियम-टर्म टारगेट चार फीसदी के बेहद करीब पहुंच गई है।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण मई में सीपीआई आधारित खुदरा महंगाई दर बढ़कर 3.93 रही। इससे पिछले महीने अप्रैल में यह 3.48 फीसदी थी। एनएसओ के आंकड़ों के अनुसार खाद्य वस्तुओं की महंगाई मई में बढ़कर 4.78 फीसदी हो गई, जो अप्रैल में 4.20 फीसदी रही थी। खास बात यह है कि शहरों के मुकाबले ग्रामीण भारत में खाद्य महंगाई दर ज्यादा रही। मई में ग्रामीण इलाकों में खाद्य पदार्थों की महंगाई 4.85 फीसदी दर्ज किया गया, जबकि शहरी केंद्रों में यह 4.66 फीसदी रहा है।

एनएसओ के मुताबिक मई महीने जिन वस्तुओं की कीमतों में सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गई है, उनमें कीमती धातुओं से बने आभूषण, टमाटर, अदरक, किशमिश और मुनक्का मुख्य रूप से शामिल हैं।

## भारत ने 'सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन' के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई

**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

भारत ने सामाजिक न्याय को लेकर वैश्विक गठबंधन (जीसीएसजे) के लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी), सरकारों, नियोक्ताओं और श्रमिक संगठनों तथा अन्य संबंधित पक्षों के साथ मिलकर काम करने की अपनी प्रतिबद्धता फिर से दोहराई है।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि श्रम एवं रोजगार राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने स्विट्जरलैंड के जिनेवा में आयोजित 114वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने इस कार्यक्रम के दौरान जीसीएसजे की समन्वय समूह बैठक में भी भाग लिया। श्रम मंत्रालय के अनुसार बैठक के दौरान करंदलाजे ने अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के महानिदेशक गिल्बर्ट एफ. होंगबो, बांग्लादेश, मोल्दोवा, ब्राजील और स्विट्जरलैंड के श्रम मंत्रियों, बेल्जियम के उप-मंत्री और अन्य प्रमुख सहयोगियों से भी मुलाकात की। इसके अलावा करंदलाजे ने 11 जून को जेनेवा में 114वें अंतरराष्ट्रीय श्रम सम्मेलन (आईएलसी) के दौरान आयोजित वैश्विक सामाजिक न्याय गठबंधन (जीसीएसजे) के समन्वय समूह की बैठक में भाग लिया। करंदलाजे ने एक्स पोस्ट में लिखा कि आज सामाजिक न्याय के लिए वैश्विक गठबंधन का समन्वय समूह के रिसेप्शन में आईएलओ के डीजी, बांग्लादेश, मोल्दोवा, ब्राज़ील और स्विट्ज़रलैंड के श्रम मंत्रियों, बेल्जियम के उप-मंत्री और अन्य सम्मानित सहयोगियों के साथ शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है।



# किराना बाजार में तेजी, सोयाबीन में दिखाई दी मजबूती

**इंदौर ■ एजेंसी**

दिसावरी मजबूती से शुक्रवार को किराना बाजार में कालीमिर्च बाजार मजबूती के रहे। खाद्य तेलों में बाजार बने रहे। तिलहनों में सोयाबीन में मजबूती देखी गयी। दलहनों में चना हल्के मालों में घटाकर बोला गया। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार कालीमिर्च में पूछपरख सामान्य ही है। दिसावरी बाजारों में बनी तेजी का असर भावों पर है। शक्कर में कामकाज सामान्य रहे। खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। तिलहनों में सोयाबीन बाजार टिके रहे। दलहनों में चना हल्के मालों में घटकर 6000 रू. क्विंटल पर आ गया। भाव इस प्रकार रहे :-

**किराना :** शक्कर 4210-4280, खोपरा गोला 380-410, खोपरा बूरा 3200-6800 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 280-285, ऊंझा हल्का 290-295, बेस्ट 315-325, हल्दी निजामाबाद 210-230, सांगली 275-280, साबूदाना हल्का 5200-5350, मीडियम 5450-5600, बेस्ट 6000-6100, सच्चा मोती 5700, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 120-150, बेस्ट 275-350, सौंफ बारीक 180-300, एक्स्ट्रा बोल्ड 350-400, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 740-750, मीनी मटरदाना 770-800, मटरदाना 825-850, खसखस अनक्लीन 800-950, क्लीन 1150-1350, दालचीनी 250-260, जायफल 725-750, वाद्यान फूल 405-600, शाहजीरा 350-400, तेजपान 90-100, पत्थर फूल 235-425, जावत्री 2050-2100, केसर 200-250, नाग केसर 925-975, सौंठ 325-500, धोली मूसली 1400-1600, लौंग 700-720, बेस्ट 760-790, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, सिंघाडा छोटा 100-120, बड़ा 120-130, सिंदूर (25 कि.ग्रा. पैकिंग) 7300, देशी कपूर 850-860, बेस्ट 875-900, पूजा बादाम 115-125, बेस्ट 220-230, पूजा सुपारी 425-450, अरीठा 180-200, हरी इलायची एवरेज 1675-1775, बेस्ट 1925-2350, पानबार 1550-1600, बड़ी इलायची 1800-2100, तरबूज मगज 525-550, काजू (240) 880-925, काजू (320) 950-1000, काजू डब्ल्यू (300) 790-810, काजू जे.एच. 820-840, टुकड़ी 760-800, बादाम मगज 760-800, अमेरिकन 825-950, बादाम टांच 700-725, अखरोट 590-850 रुपए।

**तिलहन :-** सरसो 7800-8000, रायडा 6800-7000, सोयाबीन 7100, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन :-** चना कांटेवाला बेस्ट 6000-6100, एवरेज 6000-6050, विशाल 5900-6000, महाराष्ट्र विशाल 5900-5950, काबूली चना डॉलर 7600-8700, काबूली चना रश?यन 5400-5700, बिटकी 5000-5300, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग गर्मी बेस्ट नया 7300-7400 रुपए।



**सर्राफा बाज़ार :** विश्व बाजार में बनी तेजी के चलते शुक्रवार को स्थानीय सराफा बाजार में दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार तेजी के रहे। भाव इस प्रकार रहे :- चॉदी (9999) 238300, चॉदी (99) 238000, टंच 237500, सिक्का 2600, सोना 10 ग्राम 147000 रु.

## संक्षिप्त समाचार

### अल नीनो के मजबूत होने की संभावना, दक्षिण -पश्चिम मानसून पर पड़ सकता है असर

**नई दिल्ली।** मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में अल नीनो की स्थिति शुरू होने की पुष्टि कर दी है। मौसम विभाग के अनुसार अल नीनो दक्षिण-पश्चिम मॉनसून को प्रभावित कर सकता है। मौसम विभाग ने अपने जून महीने के लिए जारी बुलेटिन में कहा कि मध्य और पूर्वी प्रशांत क्षेत्र में समुद्र की सतह का तापमान अल नीनो की स्थिति के लिए जरूरी सीमा को पार कर गया है। मौसम विभाग ने बताया कि भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में इस समय अल नीनो की स्थिति बनी हुई है और दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान इसके और अधिक मजबूत होने की संभावना है। मौसम पूर्वानुमानों के अनुसार समुद्र की सतह के बढ़ते तापमान का प्रभाव अब वायुमंडल में भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है, जिससे महासागर और वायुमंडल की संयुक्त प्रणाली अल नीनो की विशेषताओं को प्रदर्शित कर रही है।

### प्रधान न्यायाधीश ने बताया मध्यस्थता से बदल रही भारतीय न्यायपालिका की दिशा

**लंदन।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने लंदन में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भारतीय न्यायपालिका ने मध्यस्थता को सिर्फ वैकल्पिक तरीका नहीं, बल्कि विवादों को हल करने का एक मजबूत और प्रभावी साधन तैयार किया है। उन्होंने जोर दिया कि मध्यस्थता उनके लिए एक बहुत महत्वपूर्ण विषय है और यह देश की न्याय प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। सीजेआई ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट विधिक सेवा समिति ने बड़ी संख्या में प्रशिक्षित मध्यस्थ तैयार किए हैं। उन्होंने गर्व व्यक्त कर कहा कि भारत के हर शहर और हर इलाके में लोग अब मध्यस्थता के बारे में जानते हैं, जो इसकी बढ़ती स्वीकार्यता और प्रभाव को दिखाता है। यह टिप्पणी प्रौद्योगिकी और मध्यस्थता का भविष्य विषय पर एक उच्चस्तरीय परिचर्चा के दौरान की गई, जिसमें भारत और ब्रिटेन के प्रमुख न्यायिक एवं कानूनी विशेषज्ञों ने भाग लिया। इस पैनल में ब्रिटेन के उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश लार्ड हैम्बलेन और अन्य प्रतिष्ठित कानूनी हस्तियां भी शामिल थीं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने भारत में मध्यस्थता के विकास को विस्तार से बताया।

### चाकूबाजी के बाद आयरलैंड-ब्रिटेन में भड़की हिंसा

**बेलफास्ट।** आयरलैंड की राजधानी बेलफास्ट में एक आयरिश व्यक्ति का सिर काटने की कोशिश के विरोध में शुरू हुआ प्रदर्शन बड़े पैमाने पर प्रवासी विरोधी दंगों में बदल गया है, जिसने आयरलैंड और ब्रिटेन के कई शहरों को अपनी चपेट में ले लिया है। हिंसा, आगजनी और लूटपाट की घटनाओं ने बेलफास्ट, लंदन और ग्लासगो जैसे प्रमुख शहरों को प्रभावित किया है। नकाबपोश भीड़ ने घरों, दुकानों, बसों और कारों को निशाना बनाया, जिससे व्यापक क्षति हुई ॉ हिंसा की शुरुआत एक भयानक चाकूबाजी की घटना से हुई, जिसमें सूडान के एक शरणार्थी हादी अलोदिद ने एक आयरिश व्यक्ति का गला काटने की कोशिश की थी। इस हमले में 40 वर्षीय आयरिश व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ था, और वारदात का वीडियो तेजी से वायरल हो गया। पुलिस के अनुसार, अलोदिद 2023 में बेलफास्ट पहुंचा था और 2028 तक ब्रिटेन में रहने की अनुमति मिली थी।

# 'भारत इनोवेट्स' से वैश्विक मंच पर पहुंचेगा भारतीय नवाचार, धर्मेंद्र प्रधान ने जारी किए दो रणनीतिक दस्तावेज



**नई दिल्ली ■ एजेंसी**

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शुक्रवार को 'भारत इनोवेट्स' पहल के तहत दो रणनीतिक दस्तावेज जारी किए, जिनमें देश के उभरते स्टार्टअप और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि यह पहल नई शिक्षा नीति 2020 के उस लक्ष्य को आगे बढ़ाती है, जिसके तहत भारत को ज्ञान के उपभोक्ता देश से ज्ञान, नवाचार और प्रौद्योगिकी के सृजनकर्ता देश में बदलना है।

इस अवसर पर भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद, उच्च शिक्षा सचिव डॉ. विनीत जोशी, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव संजय कुमार, नीति आयोग के अटल इनोवेशन मिशन के मिशन निदेशक दीपक बागला तथा शिक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

प्रधान ने कहा कि 'भारत इनोवेट्स' पीएम मोदी के नवाचार-आधारित विकसित भारत के विजन को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि इस पहल के माध्यम से भारतीय स्टार्टअप्स को तीन ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक परिसंपत्तियों का प्रबंधन करने वाली वैश्विक निवेश कंपनियों के साथ जुड़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 100 से अधिक वैश्विक निवेशक और प्रमुख संस्थान भाग लेने जा रहे हैं, जिससे भारत के डीप-टेक और नवाचार क्षेत्र में बढ़ते अंतरराष्ट्रीय विश्वास का पता चलता है। अब तक इस पहल के तहत लगभग दो करोड़ अमेरिकी डॉलर के निवेश संबंधी समझौते अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं।

### केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा

# नरेंद्र मोदी सरकार के 12 वर्ष विकसित भारत की मजबूत नींव के स्वर्णिम वर्ष

**शिमला ■ एजेंसी**

केंद्रीय स्वास्थ्य, परिवार कल्याण, रसायन एवं उर्वरक मंत्री तथा भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि यह अवधि केवल एक सरकार का कार्यकाल नहीं, बल्कि विकसित भारत की मजबूत आधारशिला रखने वाले परिवर्तनकारी वर्षों का प्रतीक है।

भाजपा द्वारा आयोजित '12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के तहत शुक्रवार को शिमला में आयोजित बुद्धिजीवी सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति की दिशा और संस्कृति दोनों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले राजनीति जातिवाद, परिवारवाद, तुष्टिकरण और भ्रष्टाचार तक सीमित थी, लेकिन मोदी सरकार ने राजनीति को सेवा, सुशासन और जवाबदेही का माध्यम बनाया है।

नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने कई ऐतिहासिक निर्णय देखे हैं। जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाना, अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति दिलाना और नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करना ऐसे फैसले हैं, जिन्होंने देश की दिशा और दशा बदलने का कार्य किया है।




#### डबल इंजन की सरकार ने खत्म किया नक्सलवाद : गिरिराज



**रायपुर।** केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह शुक्रवार को दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने छत्तीसगढ़ सहित देश भर में नक्सलवाद खत्म किया। केंद्रीय मंत्री सिंह ने रायपुर पहुँचाने पर पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'मैं 2 दिनों के प्रवास पर छत्तीसगढ़ आया हूं। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबे समय से हैं। 12 साल में उन्होंने भारत को विभिन्न क्षेत्रों में दुनिया के पटल पर ले जाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सारी रिपोर्ट को छत्तीसगढ़ वासियों के सामने पेश करना हमारा काम है। डबल इंजन की सरकार ने नक्सलवाद खत्म किया, इसलिए देश के प्रधानमंत्री का भी धन्यवाद करता हूं। कीर्ति आजाद के 'ऑपरेशन लोटस नाकाम हो रहा है', के बयान पर उन्होंने कहा कि कौन क्या कह रहा है, इससे मुझे कोई लेना-देना नहीं है। भारतीय जनता पार्टी का कोई ऑपरेशन नहीं चलता। जो जैसा करनी करता है, उसका फल वैसा ही भोगता है। जो कट मनी चला, जो लूट मनी चला उसका यह फल है। हमारा इसमें कोई लेना-देना नहीं है। उच्चतम न्यायालय के कांग्रेस नेता मीनाक्षी नटराजन की याचिका खारिज करने पर उन्होंने कहा, इस बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है, इसलिए वह इसमें कुछ नहीं बोलना चाहेंगे।

उन्होंने कहा कि विकास और जनकल्याण की नीतियों के कारण भाजपा को लगातार तीसरी बार जनता का समर्थन मिला है। देश के अधिकांश नागरिक आज भाजपा और एनडीए शासित राज्यों में निवास कर रहे हैं, जो सरकार की नीतियों पर जनता के विश्वास को दर्शाता है। हिमाचल प्रदेश का उल्लेख करते हुए नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार ने प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान की है। बिलासपुर में एम्स की स्थापना, चंबा, हमीरपुर और नाहन में मेडिकल कॉलेजों का निर्माण तथा राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़क परियोजनाओं के विस्तार से प्रदेश की तस्वीर बदली है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत हिमाचल में 14,400 किलोमीटर से अधिक ग्रामीण सड़क नेटवर्क विकसित किया गया है।

उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हिमाचल में सभी घरों तक पेयजल सुविधा पहुंचाई गई है। उज्ज्वला योजना के माध्यम से लगभग डेढ़ लाख परिवारों को गैस कनेक्शन मिले हैं, जबकि प्रधानमंत्री आवास योजना से एक लाख से अधिक परिवार लाभान्वित हुए हैं। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्रदेश में लगभग दो लाख शौचालयों का निर्माण किया गया है।

नड्डा ने कहा कि पिछले 12 वर्षों में देश ने आधारभूत ढांचे, स्वास्थ्य, रक्षा, तकनीक और अंतरिक्ष के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। चंद्रयान-3 की सफलता, सेमीकंडक्टर निर्माण, डिजिटल इंडिया, वंदे भारत ट्रेनों और आधुनिक परिवहन नेटवर्क ने भारत को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मविश्वास के साथ विश्व मंच पर अपनी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश अमृतकाल की ओर बढ़ रहा है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता समर्पित भाव से कार्य कर रहा है।

# गुजरात के सुरेंद्र नगर में केमिकल चोरी रैकेट का भंडाफोड़, चोटीला पीआई-पीएसआई समेत 4 पुलिसकर्मी सस्पेंड

**सुरेंद्रनगर ■ एजेंसी**

गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के चोटीला तालुका के नानी मोलडी गांव के पास चल रहे केमिकल चोरी के बड़े नेटवर्क का पर्दाफाश हुआ है। गांधीनगर की स्टेट मॉनिटरिंग सेल (एसएमसी) द्वारा की गई छापेमारी में करीब 45.98 लाख रुपये का माल जब्त किया गया है।

इस कार्रवाई के बाद पुलिस विभाग में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल करते हुए चोटीला के पुलिस इंस्पेक्टर(पीआई) और पुलिस सब इंस्पेक्टर (पीएसआई) सहित चार पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है।

एसएमएस को नानी मोलडी गांव के निकट स्थित पवनपुत्र राजस्थानी होटल परिसर में अवैध रूप से केमिकल गतिविधियां संचालित होने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर टीम ने छापा मारकर 8,330 किलोग्राम केमिकल समेत कुल 45.98 लाख रुपये का माल जब्त किया। मामले में चुनीलाल तुलसीराम गावेती और आशीष कुमार यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की गई। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि यह पूरा केमिकल चोरी नेटवर्क भूपतभाई पटगीर, हितेशभाई बचुभाई सोलंकी और भागीरथ खीचड़ द्वारा संचालित किया जा रहा था। इस खुलासे के बाद जांच का दायरा और बढ़ा दिया गया।

मामले में चोटीला पुलिस स्टेशन के अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही सामने आने पर रेंज आईजी के निर्देश पर कड़ी कार्रवाई की गई। चोटीला पुलिस स्टेशन के



पुलिस इंस्पेक्टर (पीआई) जयदीप सोलंकी और पुलिस सब इंस्पेक्टर (पीएसआई) जी.एन. कुलच्छर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। इसके अलावा कॉन्स्टेबल नरेंद्रसिंह और दिलीपभाई मांजरिया को भी सस्पेंड कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है।

इस घटनाक्रम के बाद सुरेंद्रनगर लोकल क्राइम ब्रांच (एलसीबी) में भी व्यापक बदलाव किए गए हैं। एलसीबी के पीआई जे.जे. जाडेजा का तबादला कर उनकी जगह भावेशकुमार सिंगरेखिया को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं एलसीबी में कार्यरत पीएसआई जावेदखान पठाण को साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन में स्थानांतरित कर दिया गया है। इसके अलावा हेड कॉन्स्टेबल अस्लम मलिक, प्रवीण कोला, यशपालसिंह और अजयसिंह सहित कई कर्मचारियों का भी विभिन्न पुलिस थानों में तबादला किया गया है।

डीवाईएसपी पार्थ परमार ने बताया कि एसएमसी की कार्रवाई के दौरान पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही सामने आने पर आवश्यक प्रशासनिक कदम उठाए गए हैं।

# भाजपा ने भारतीय राजनीति में भरोसे के संकट को किया दूर : राजनाथ सिंह

**हैदराबाद ■ एजेंसी**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को सिकंदराबाद में आयोजित 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए कहा कि राजनीति में किसी भी नेता की सबसे बड़ी पूंजी उसकी विश्वसनीयता होती है और यदि भारतीय राजनीति में भरोसे के संकट को किसी दल ने दूर किया है तो वह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) है। हाल के चुनावों में जनता ने उन लोगों को करारा जवाब दिया है जिन्होंने उसका विश्वास तोड़ा।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ स्पष्ट नीति अपनाई है और यह तय किया गया है कि न तो सरकार भ्रष्टाचार करेगी और न ही किसी को करने दिया जाएगा। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि उसके शासनकाल में कई बड़े घोटाले सामने आए, जिनमें कोयला घोटाला, 2जी घोटाला और कॉमनवेल्थ घोटाला शामिल हैं, जिनसे देश को भारी आर्थिक नुकसान हुआ।

रक्षा मंत्री ने कहा कि देश के रक्षा क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डीआरडीओ, रक्षा सार्वजनिक उपक्रम, निजी उद्योग, स्टार्टअप, एमएसएमई और शिक्षा जगत अब पहले से अधिक समन्वय के साथ काम कर रहे हैं। यह सहयोगात्मक मॉडल भारत की नवाचार से उत्पादन और उत्पादन से संचालन क्षमता की यात्रा को तेज करेगा। उन्होंने कहा कि सरकार स्वदेशी रक्षा तकनीक को बढ़ावा देने के लिए रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन पर पूरा भरोसा कर रही है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति हो रही है। इससे पहले शुक्रवार सुबह बेगमपेट हवाई अड्डे पर पहुंचने पर राजनाथ सिंह का स्वागत सैन्य अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों के साथ-साथ भाजपा नेताओं ने किया। स्वागत करने वालों में तेलंगाना भाजपा अध्यक्ष एन. रामचंद्र राव, सांसद बी. लक्ष्मण और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी शामिल रहे। केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि रक्षा मंत्री का हैदराबाद में स्वागत करना गर्व की बात है।

**कार्यालय नगर पालिक निगम, खण्डवा (म.प्र.)**

(स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन विभाग)

कमांक /स्वठोअप्रवि./2026/ई-टेण्डरिंग2026/150 खण्डवा, दिनांक 11/06/2026

**द्वितीय निविदा विज्ञप्ति**

खंडवा नगर पालिक निगम वित्तीय 2026-2027 तक के लिये (जारी दिनांक से 31 मार्च 2027 तक) निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा ऑन लाईन आमत्रिंत की जाती है। उल्लेखित कार्य की निविदा का विवरण वेबसाईट http//www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | ऑन लाईन पोर्टल | कार्य का नाम | अनुमानित लागत(लाख) | धरोहर राशि | निविदा प्रपत्र की राशि | सम्रग |
| --- | --- | --- | --- | --- | --- | --- |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 2026_UADD 515020_1 | नगर पालिक निगम खंडवा वार्ड कं 46 महात्मा गांधी पशुबध गृह सफाई कार्य ठेका | 07.50 (सात लाख पचास हजार मात्र) | 7000/- | 2000/- | अनुबंध दिनांक से 31 मार्च 2027 |

1. निविदा ऑनलाईन कय एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक :-18/06 / 2026 (शाम 5.30 बजे तक)
2. निविदा खोलने की दिनांक 20/06/ 2026 प्रातः 10.30 बजे तक

निविदा संबधी समस्त जानकारी वेबसाईट http//www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदा में यदि किसी भी प्रकार का संशोधन किया जाता है तो यह समाचार पत्र मे प्रकाशित नही किया जावेगा

उपायुक्त
नगर पालिक निगम खंडवा

### जार्डन में अमेरिकी एयरबेस पर ईरान का हमला, किंग अब्दुल्ला के पश्चिमी गठजोड़ पर सवाल

*__जार्डन।__ अमेरिका के हवाई हमलों के जवाब में ईरान ने जार्डन में स्थित एक अमेरिकी एयरबेस पर बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया है। ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने बताया कि उसने अल-अजराक एयर बेस को 12 बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया, जिसमें बेस को भारी नुकसान और कई फाइटर जेट नष्ट होने का दावा किया है। हालांकि, इन दावों की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हुई है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव का एक और संकेत है, जिसमें जार्डन लगातार ईरान के ड्रोन और मिसाइल हमलों का शिकार बन रहा है। जार्डन का अल-अजराक खाड़ी क्षेत्र में अमेरिकी सेना का महत्वपूर्ण रणनीतिक अड्डा है, जो अम्मान से करीब 100 किमी पूर्व में है। यह बेस अमेरिकी वायु सेना और सहयोगी बलों द्वारा कई अभियानों के लिए उपयोग किया जाता है और अमेरिकी-जार्डन सहयोग समझौते के तहत अमेरिकी वायुसेना का एक प्रमुख स्टेजिंग पाइंट है। ईरान इन सैन्य अडडों को अपने लिए खतरा मानता है और लगातार उन देशों को निशाना बना रहा है, जहाँ से अमेरिकी सेना उसकी जमीन पर हमले कर रही है या उसके विरोधियों को समर्थन दे रही है। किंग अब्दुल्ला द्वितीय पैगंबर मोहम्मद के सीधे वंशक्रम में 41वीं पीढ़ी माने जाते हैं और सैद्धांतिक रूप से अल-अक्सा मस्जिद के संरक्षक भी हैं। इसके बावजूद, इजरायल और अमेरिका के साथ उनकी मजबूत दोस्ती ने उन्हें ईरान का दुश्मन बना दिया है। ईरान जार्डन को इजरायल और अमेरिका के साथ एक खास सहयोगी के तौर पर देखता है, खासकर इसलिए क्योंकि जार्डन इजरायल की ओर दागी जाने वाली ईरान की मिसाइलों को बड़ी संख्या में रोकने में भूमिका निभाता रहा है।*

**कार्यालय, प्राचार्य अग्रणी शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम (म0प्र0)**

फोन/फैक्स: 07574-254072
महाविद्यालय कोड -3202
नर्मदापुरम
ईमेल: heghsgpgchos@mp.gov.in
महाविद्यालय वि.वि. कोड -147
www.mp highereducation.nic.in /hoshangabad

क्रमांक 1309 / स्था. / 2026 नर्मदापुरम् दिनांक 12/06/2026

**निविदा आमंत्रण सूचना**

शासकीय गृह विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय नर्मदापुरम में सामग्री क्रय किये जाने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पोर्टल पर निविदा जारी की गई है निविदा में भाग लेने हेतु एम.पी.ई. टेंडर पर दर्शित प्रक्रिया अनुसार निविदा में भाग लिया जा सकता है।

| | | |
| --- | --- | --- |
| 1. | Start Date - | 12.06.2026 |
| 2. | End Date - | 26.06.2026 |

डॉ.( श्रीमती ) कामिनी जैन
प्राचार्य
शासकीय गृहविज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय
नर्मदापुरम (म0प्र0)

**पश्चिम मध्य रेल**

वाणिज्य विभाग , जबलपुर मंडल

संख्या: JBP/C/NFR/E-Tender/26 दिनांक: 10.06.2026

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित हेतु निर्धारित ई-बोली आमंत्रित करता है। श्रेणी: विज्ञापन-आउट ऑफ होम, निविदा सूचना क्रमांक: ADVT-JBP-KTE-OH-146-26-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: कटनी रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर-परिसंचरण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वाणिज्यिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण का कार्य (05 वर्ष हेतु)।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 22.06.2026, 15:30 बजे, श्रेणी: विज्ञापन-आउट ऑफ होम, निविदा सूचना क्रमांक: ADVT-JBP-PPI-OH-145-26-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: पिपरिया रेलवे स्टेशन के परिसंचरण एवं गैर-परिसंचरण क्षेत्रों के विभिन्न स्थानों पर वाणिज्यिक विज्ञापन एवं रेलवे सूचना प्रदर्शन हेतु गैन्ट्री गेट्स की स्थापना एवं अनुरक्षण का कार्य (05 वर्ष हेतु)।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 22.06.2026, 15:40 बजे, श्रेणी: विज्ञापन-ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे), निविदा सूचना क्रमांक: ADVT-EBW-288200-1-26-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: ट्रेन संख्या 11701/02 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 22.06.2026, 15:50 बजे, श्रेणी: विज्ञापन-ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे), निविदा सूचना क्रमांक: ADVT-EBW-127872-4-26-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: ट्रेन संख्या 11705/06 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 22.06.2026, 16:00 बजे, श्रेणी: विज्ञापन-ट्रेन बाह्य भाग (खिड़की के नीचे), निविदा सूचना क्रमांक: ADVT-EBW-155494-3-26-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: ट्रेन संख्या 22189/90 में खिड़कियों के नीचे उपलब्ध स्थान का विनाइल रैपिंग के माध्यम से वाणिज्यिक विज्ञापन हेतु उपयोग। निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 22.06.2026, 16:10 बजे, श्रेणी: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल), निविदा सूचना क्रमांक: ADVT-JBP-SGO-OSN-99-22-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: सागर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 22.06.2026, 16:20 बजे, श्रेणी: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल), निविदा सूचना क्रमांक: ADVT-JBP-KTE-OSN-150-26-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: कटनी रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 22.06.2026, 16:30 बजे, श्रेणी: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल), निविदा सूचना क्रमांक: ADVT-JBP-NU-OSN-90-22-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: नरसिंहपुर रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 22.06.2026, 16:40 बजे, श्रेणी: स्टेशन परिसर में विज्ञापन (गैर-डिजिटल), निविदा सूचना क्रमांक: ADVT-JBP-REWA-OSN-151-26-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: रीवा रेलवे स्टेशन पर ग्लो साइन बोर्ड के माध्यम से विज्ञापन।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 22.06.2026, 16:50 बजे, श्रेणी: विविध स्थिर सेवाएँ-स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा, निविदा सूचना क्रमांक: MSS-JBP-STA-MedStn-123-26-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: सतना रेलवे स्टेशन पर चिकित्सा सुविधा कियोस्क की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण हेतु स्थान का लाइसेंसिंग अनुबंध (जैसा है जहाँ है कि आधार पर)।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 25.06.2026, 15:30 बजे, श्रेणी: विविध स्थिर सेवाएँ-ट्रैवल हेल्प डेस्क/पर्यटक सूचना एवं प्रचार कियोस्क, निविदा सूचना क्रमांक: MSS-JBP-KMZ-THDPK-71-25-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशन पर कैब एवं पर्यटन प्रचार डेस्क/कियोस्क हेतु 100 वर्गफुट क्षेत्र का आवंटन।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 25.06.2026, 15:40 बजे, श्रेणी: विविध स्थिर सेवाएँ-ट्रैवल हेल्प डेस्क/पर्यटक सूचना एवं प्रचार कियोस्क, निविदा सूचना क्रमांक: MSS-JBP-SGO-THDPK-66-25-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: सागर रेलवे स्टेशन पर कैब एवं पर्यटन प्रचार डेस्क/कियोस्क हेतु 100 वर्गफुट क्षेत्र का आवंटन।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 25.06.2026, 15:50 बजे, श्रेणी: विविध स्थिर सेवाएँ-ट्रैवल हेल्प डेस्क/पर्यटक सूचना एवं प्रचार कियोस्क, निविदा सूचना क्रमांक: MSS-JBP-JBP-THDPK-67-25-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: जबलपुर रेलवे स्टेशन पर कैब एवं पर्यटन प्रचार डेस्क/कियोस्क हेतु 100 वर्गफुट क्षेत्र का आवंटन।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 25.06.2026, 16:00 बजे, श्रेणी: विविध स्थिर सेवाएँ-ट्रैवल हेल्प डेस्क/पर्यटक सूचना एवं प्रचार कियोस्क, निविदा सूचना क्रमांक: MSS-JBP-MML-THDPK-73-25-1, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: मदन महल रेलवे स्टेशन पर कैब एवं पर्यटन प्रचार डेस्क/कियोस्क हेतु 100 वर्गफुट क्षेत्र का आवंटन।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 25.06.2026, 16:10 बजे, श्रेणी: विविध स्थिर सेवाएँ-सामान्य स्थिर सेवा, निविदा सूचना क्रमांक: MSS-JBP-BEHR-STGen-84-25-2, परिसंपत्ति/कार्य का विवरण: ब्यौहारी रेलवे स्टेशन संयुक्त - विज्ञापन, पे एंड यूज़ शौचालय, ROMT(Renovation, Operation, Maintenance & Transfer) के अंतर्गत प्रतीक्षालय संचालन एवं फूड वैन की व्यवस्था।, निविदा समाप्ति दिनांक एवं समय: 25.06.2026, 16:20 बजे। संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे IREPS वेबसाइट (www.ireps.gov.in) पर E-Tender Leasing मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उपर्युक्त कैटलॉग के तहत उपलब्ध है। ई-बोली सूचना मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है।

हस्ता.
कृते मंडल रेल प्रबंधक (वा), पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर




**नर्मदापुरम।** क्लबफुट मुक्त बचपन की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए विश्व क्लबफुट दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल बदुके ने कहा, 'समय पर उपचार और निरंतर फॉलो-अप से बच्चे का क्लबफुट पूरी तरह से ठीक हो सकता है।' जिला शीघ्र हस्तक्षेप संस्था DEIC ने बताया कि RBSK दल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में क्लबफुट बच्चों की पहचान कर जिला अस्पताल रेफर किया जाता है। आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को भी पहचान व रेफरल के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

### जन-सेवा शिविर: पात्र हितग्राहियों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

# विधायक रमाकांत भार्गव ने किया योजनाओं का मौके पर निराकरण

बुधनी ■ निसं

जनपद पंचायत एवं नगर परिषद बुधनी के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय स्तर पर एक भव्य सामूहिक जनकल्याण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य शासन की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना था। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक रमाकांत भार्गव ने स्वयं उपस्थित होकर पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया।



**मौके पर ही समस्याओं का निराकरण:** शिविर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए नागरिकों ने शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन प्रस्तुत किए। विधायक भार्गव और संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्राप्त आवेदनों पर तत्परता दिखाते हुए उनका त्वरित निराकरण किया और मौके पर ही हितग्राहियों को योजनाओं से लाभान्वित किया। इस दौरान एक ही छत के नीचे विभिन्न विभागों की सेवाएं उपलब्ध होने से आमजन को काफी राहत मिली।

**जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही सक्रिय उपस्थिति:** कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, बुधनी विधानसभा एवं नगर के गणमान्य नागरिक, पार्षदगण, जनपद सदस्य, एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) और मुख्य नगर पालिका अधिकारी (CMO) सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

**अंतिम छोर के व्यक्ति तक पहुँचाना लक्ष्य:** जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की मंशानुरूप यह शिविर जनकल्याण के लिए आयोजित किया गया है, ताकि किसी भी पात्र नागरिक को योजना के लाभ से वंचित न रहना पड़े। कार्यक्रम की सफलता में सरपंचों, सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों और कार्यालयीन स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। शिविर में उमड़ी हितग्राहियों की भारी भीड़ ने शासन की इस पहल के प्रति लोगों के विश्वास को दर्शाया।

## जनजातीय ग्राम डोभ में ग्राम सभा आयोजित, वन अधिकार समिति का गठन

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोमेश मिश्रा द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग नर्मदापुरम के मार्गदर्शन में शुक्रवार को ग्राम पंचायत नया धाई अंतर्गत जनजातीय ग्राम डोभ में ग्राम सभा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सचिव सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्राम सभा के दौरान वन अधिकार समिति का गठन किया गया। साथ ही ग्रामीणों द्वारा सामूहिक वन अधिकार पट्टे हेतु दावा प्रस्तुत किया गया। अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को वन अधिकारों एवं शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना एवं भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामीणों के बीच योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए।

## विश्व बाल निषेध दिवस पर संयुक्त जागरूकता अभियान

**नर्मदापुरम।** विश्व बाल निषेध दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला टास्क फोर्स द्वारा शहर में बाल श्रम की पहचान एवं विमुक्ति के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। श्रम विभाग के नेतृत्व में पुलिस, महिला एवं बाल विकास तथा शिक्षा विभाग के संयुक्त दल ने बस स्टैंड, मुख्य बाजार एवं अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। अभियान के दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों, संस्थानों और आम नागरिकों को बाल श्रम कानून के प्रावधानों से अवगत कराया। स्पष्ट किया गया कि 14 वर्ष तक के बालकों का किसी भी प्रकार के कार्य में नियोजन पूर्णत: प्रतिबंधित है।

### नर्मदापुरम नगरपालिका के अतिक्रमण दल का पूर्व प्रभारी पहुंचा जेल

# हाथ पकड़कर पुलिस जवान ने सरकारी गाड़ी में बैठाया, छेड़छाड़-आईटी एक्ट का मामला

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नर्मदापुरम नगरपालिका के अतिक्रमण दल के पूर्व प्रभारी (दैनिक वेतन भोगी) सुनील राजपूत को आखिरकार पुलिस ने शुक्रवार दोपहर में गिरफ्तार कर लिया। सुनील राजपूत को आईटी एक्ट के लगातार दूसरी बार किए अपराध के चलते पुलिस ने उसे अरेस्ट किया। शाम 4.35 बजे कोतवाली थाने से पुलिसकर्मियों ने आरोपी सुनील राजपूत को हाथ पकड़कर सरकारी वाहन में बैठाया। फिर उसे कोर्ट ले जाया गया।



आईटी एक्ट के दर्ज दो अपराध को देखते हुए कोर्ट ने जेल भेजने के आदेश दिए। शाम 7 बजे पुलिस कर्मी हड़कड़ी बांधकर आरोपी को जेल ले गए। कोतवाली थाना टीआई कंचन सिंह ठाकुर ने बताया आईटी एक्ट और छेड़छाड़ अपराध में आरोपी सुनील राजपूत अरेस्ट किया है। जेल भेजने के आदेश हुए हैं।

**महिला के नाम से आईडी से मैसेज-फोटो भेजे:** इटारसी निवासी एक युवती को आरोपी सुनील राजपूत ने तीन माह पहले फेसबुक पर फर्जी आईडी से अश्लील मैसेज और फोटो भेजे थे। स्वास्थ्य खराब होने के कारण 5 फरवरी को पीड़िता नर्मदापुरम के एक निजी अस्पताल में भर्ती थी। वह करीब 11 दिन अस्पताल में रही और इसी दौरान 14 फरवरी की सुबह 'सौरभ साहू' नाम की फेसबुक आईडी से उसके मैसेंजर पर आपत्तिजनक मैसेज आए।

उसी रात एक महिला के नाम की आईडी से भी अश्लील फोटो भी भेजी गई। पीड़िता ने डिस्चार्ज होने से पहले ही 16 फरवरी को अस्पताल से सीधे साइबर सेल पहुंचकर इसकी शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद अप्रैल महीने में भी उसे दो अलग-अलग नंबरों से अश्लील कॉल आए।

**आईपी एड्रेस से पकड़ा गया:** शिकायत के तीन महीने बाद साइबर सेल की आईपी एड्रेस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी को नामजद किया है। एफआईआर में नाम जुड़ने पीड़िता की शिकायत के तीन महीने बाद साइबर सेल की आईपी एड्रेस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आईटी एक्ट और छेड़छाड़ का शून्य (ंद्दह्व्थ) पर केस दर्ज किया, जिसमें आरोपी अज्ञात लिखा।

घटनास्थल कोतवाली क्षेत्र का होने से देहात थाने से डायरी कोतवाली थाने को भेजी गई। साइबर सेल ने संबंधित फेसबुक आईडी का आईपी एड्रेस और मोबाइल नंबर खंगाला, तो वह शास्त्री वार्ड निवासी सुनील राजपूत के नाम पर रजिस्टर्ड पाया गया। इस तकनीकी साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने एफआईआर में अज्ञात शब्द हटाकर उसका नाम शामिल किया।

**आईटी एक्ट और पीएम आवास घोटाले में आ चुका नाम:** आरोपी सुनील के खिलाफ इससे पहले 2023 में देहात थाने में भी आईटी एक्ट का केस दर्ज हो चुका है। इसके अलावा नगर पालिका में 2018-19 में प्रधानमंत्री आवास योजना में हुए घोटाले में भी दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी सुनील राजपूत के खिलाफ केस दर्ज हुआ। बावजूद उसे नगर पालिका के अधिकारी द्वारा अतिक्रमण दल का प्रभारी बनाया गया। अतिक्रमण दल प्रभारी रहने के दौरान भी सुनील काफी विवादों में रहा। समय समय उसके खिलाफ आरोप भी लगे।

### नगरपालिका कार्यालय में देखा जा रहा था आरोपी

अपराध दर्ज होने की जानकारी मिलने के बाद आरोपी कुछ दो तीन दिन तक छिपकर रहा। एफआईआर के बाद आरोपी सुनील राजपूत को नगर पालिका सीएमओ ने अतिक्रमण दल से हटा दिया था। दो दिन से वो नगर पालिका कार्यालय में घूमते दिख रहा था। शुक्रवार को पुलिस ने उसे अरेस्ट कर थाने ले आई।

### नवांकुर अभियान

## केसला के कासदा रैयत में सीड बॉल निर्माण एवं वृक्षारोपण, ग्रामीणों में दिखा उत्साह



नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

नवांकुर अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विकासखंड केसला के ग्राम कासदा रैयत में वृहद सीड बॉल निर्माण एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्व-सहायता समूह की महिलाओं एवं स्थानीय ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने नीम, करंज, जामुन और महुआ के बीजों को मिट्टी व जैविक खाद के साथ मिलाकर 130 से अधिक सीड बॉल तैयार किए। इन सीड बॉल का उपयोग वर्षा ऋतु में अधिकाधिक वृक्षारोपण के लिए किया जाएगा।

कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम इटारसी नीलेश शर्मा स्वयं शामिल हुए। उन्होंने सीड बॉल निर्माण और पौधारोपण में श्रमदान कर ग्रामीणों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।

कार्यक्रम में जनपद पंचायत केसला की सीईओ मती सुमन खातरकर, ग्राम पंचायत चौकीपुरा के सरपंच सहित 32 प्रशिक्षु डिप्टी कलेक्टर भी मौजूद रहे। सभी अधिकारियों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर पौधे रोपे और सीड बॉल बनाए। स्व-सहायता समूह की महिलाओं और स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से पूरे आयोजन में विशेष उत्साह देखने को मिला।

## स्वरोजगार हेतु अनुसूचित जनजाति के युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

मध्य प्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम भोपाल द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना के अंतर्गत नर्मदापुरम जिले के पात्र अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवाओं से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

सहायक आयुक्त जनजाति कार्य विभाग नर्मदापुरम ने बताया कि भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना के माध्यम से अनुसूचित जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को कम ब्याज दर पर नवीन उधम स्थापना में मदद की जाएगी एवं उद्योग की वि निर्माण इकाई के लिए 1 लाख से 50 लाख रुपए तक की तथा व्यवसाय के लिए एक लाख से 25 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार टंट्या मामा आर्थिक कल्याण परियोजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति वर्ग के यूवाओ को रोजगार हेतु कम ब्याज पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, उसके लिए हितग्राहियों को रोजगार के लिए 10 हजार रुपए से लेकर 1 लाख रुपए तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी।

दोनों योजनाओं के लिए मुख्य पात्रता शर्तों अनुसार आवेदक को मध्य प्रदेश का मूल निवासी एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग का सदस्य होना अनिवार्य होगा साथ ही वह किसी भी वित्तीय बैंक या वित्तीय संस्था का डिफाल्टर ना हो, किसी अन्य शासकीय उधमी / स्वरोजगार योजना का लाभ ना ले रहा हो। योजना का लाभ केवल एक बार ही मिलेगा एवं स्वरोजगार मध्य प्रदेश सीमा के अंदर ही स्थापित करना होगा।

## कांग्रेस पार्षदों ने शहर में कचरा व्यवस्था को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा

सिवनी मालवा ■ निसं

नगर पालिका परिषद में विपक्षी पार्टी कांग्रेस के पार्षदों ने नगर में कचरा उठाने की व्यवस्था को लेकर मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमर सिंह ऊईके के नाम मुख्य लिपिक महेंद्र परिहार को ज्ञापन सौंपा। नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अजय पटेल के नेतृत्व में कांग्रेसियों पार्षदों एवं कांग्रेस नेता सुदेश शर्मा के साथ गुरुवार को नगर पालिका कार्यालय में पहुंचकर अकाउंटेंट महेंद्र परिहार को कलेक्टर और नगर पालिका सीएमओ अमर सिंह ऊईके ज्ञापन दिया गया।




ज्ञापन के माध्यम से मांग की गई है कि शहर में कचरा समय पर नहीं उठाया जा रहा है नगर पालिका परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था चरमराने से जनता परेशान है अजय पटेल ने बताया कि नगर की सफाई व्यवस्था चरमरा गई है शहर में अनेक स्थानों पर गंदगी फैल रही हैं कचरो के ढेर लगे हुए हैं शहर में सफाई नहीं हो रही है कचरा नहीं उठ रहा है।कांग्रेसियों ने चेतावनी दी है कि अगर 7 दिन में व्यवस्था नहीं सुधरी तो कांग्रेस के लोग नगर पालिका कार्यालय के सामने कचरा डालेंगे पार्षद प्रतिनिधि दीपक दीक्षित ने कचरा गाड़ियों और सफाई कर्मचारियों की कमी का मुद्दा उठाया है। कहा पिछले कुछ महीनों से शहर के सभी वार्डों में ऑटो कचरा गाड़ी नियमित रूप से नहीं पहुंच रही है। सफाई कर्मचारियों की कमी के कारण वार्डों मे समय पर कचरा न उठने से मच्छर-मक्खी बढ़ गई हैं और बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है।

कांग्रेस ने मांग कर कहा कि नगर पालिका की खराब पड़े सभी ऑटो कचरा गाड़ियों को तुरंत ठीक करवाकर वार्डों में चलाया जाए। सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए और उनका वेतन समय पर भुगतान किया जाए। ज्ञापन की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर नर्मदापुरम को भी भेजी गई है।

ज्ञापन देने वालों में स्वदेश शर्मा नगर कांग्रेस अध्यक्ष, हैरीसन स्वामी युवक कांग्रेस अध्यक्ष, दीपक दीक्षित, पार्षदअजय पटेल, अभिषेक सल्लाम, अय्यूब अली, आदि कार्यकर्ता।

## आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को गर्मी से राहत हेतु कूलर दान, टीकाकरण दिवस भी आयोजित

नर्मदापुरम ■ अमृत दर्शन

महिला एवं बाल विकास विभाग, परियोजना इटारसी अंतर्गत वार्ड क्रमांक 1 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 में बच्चों एवं हितग्राहियों को भीषण गर्मी से राहत प्रदान करने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई। अटल बाल पालक श्री सुमन उमेश बघेल द्वारा केंद्र को एक कूलर दान स्वरूप प्रदान किया गया।

गर्मी के मौसम में आंगनबाड़ी केंद्र पर आने वाले छोटे बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा अन्य हितग्राहियों को कूलर की सुविधा उपलब्ध होने से उन्हें अधिक आरामदायक वातावरण प्राप्त होगा। इससे बच्चों को केंद्र पर संचालित विभिन्न शैक्षणिक एवं पोषण संबंधी गतिविधियों में बेहतर सहभागिता करने में सहायता मिलेगी।

इस अवसर पर प्रभारी परियोजना अधिकारी श्रीमती दीप्ति शुक्ला एवं पर्यवेक्षक श्रीमती अर्चना बस्तवार उपस्थित रहीं। उन्होंने श्री सुमन उमेश बघेल के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि समाज के जागरूक नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य एवं विकास को बढ़ावा मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान टीकाकरण दिवस का आयोजन भी किया गया, जिसमें एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही। हितग्राहियों को बच्चों एवं माताओं के नियमित टीकाकरण के महत्व के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आंगनबाड़ी सहायिका, जनप्रतिनिधिगण, अभिभावक एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

### चार वर्ष पूर्व ग्राम बडाखड में गो तस्करी के आरोप की मॉब लिंचिंग की घटना में की मौत हो गई थी

# एडीजे तबस्सुम खान की अदालत ने मामले में दोषी पाए गए सभी 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई

सिवनी मालवा ■ निसं

तहसील के ग्राम बराखड़ में लगभग चार वर्ष पूर्व दिनांक 03 अगस्त 2022 को गो तस्करी के आरोप में हुई मॉब लिंचिंग की घटना में अमरावती (महाराष्ट्र) निवासी नाजिर अहमद की मौत हो गई थी। इस मामले में शुक्रवार को सिवनी मालवा की एडीजे न्यायालय में फैसला सुनाया गया। एडीजे तबस्सुम खान की अदालत ने मामले में दोषी पाए गए सभी 14 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। फैसला सुनाए जाने के बाद न्यायालय परिसर में भावुक माहौल बन गया। जैसे ही आरोपियों के परिजनों को सजा की जानकारी मिली, बड़ी संख्या में परिजन न्यायालय परिसर पहुंच गए। इस दौरान आरोपियों को जेल ले जाने के लिए पुलिस द्वारा वाहन में बैठाया गया, लेकिन परिजनों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया।



प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ परिजन पुलिस वाहन के सामने लेट गए और आरोपियों को ले जाने का विरोध करने लगे। उन्हें हटाने पहुंची पुलिस और परिजनों के बीच धक्का-मुक्की तथा झूमाझटकी की स्थिति भी बनी। परिजनों ने वाहन को हाथों से रोकने और थपथपाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया और सभी दोषियों को जेल के लिए रवाना किया।

फैसले के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। परिजनों का कहना था कि उनके बच्चे गौसेवा के उद्देश्य से गए थे, लेकिन उन्हें इस घटना का परिणाम भुगतना पड़ा। वहीं अदालत के फैसले के बाद पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा और न्यायालय परिसर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। गौरतलब है कि बराखड़ गांव में हुई इस चर्चित मॉब लिंचिंग की घटना के बाद पुलिस ने 14 लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। लगभग तीन वर्ष तक चली न्यायिक प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को अदालत ने अपना निर्णय सुनाया।

**ये है आरोपी**

1. दीपक उर्फ बाबा केवट पिता भैयालाल केवट, आयु 38 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-देवल मोहल्ला सिवनीमालवा।

2. अज्जू उर्फ अजय राठौर पिता भैयालाल राठौर, आयु 36 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-वार्ड नंबर 06 देवल मोहल्ला सिवनीमालवा।

3. प्रकाश कौशल पिता मिश्रीलाल कौशल, आयु 33 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-वार्ड नंबर 08 देवल मोहल्ला सिवनीमालवा।

4 पवन बाथव पिता ओमप्रकाश बाथव, आयु 31 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी वार्ड नंबर 14 गोटियापुरा सिवनीमालवा।

5. अमर उर्फ भोला बाथव पिता बद्रीप्रसाद बाथव, आयु 38 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी वार्ड नंबर 14 गोटियापुरा सिवनीमालवा।

6. कन्हैया बाथव पिता अशोक कुमार बाथव, आयु 32 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी वार्ड नंबर 14 गोटियापुरा सिवनीमालवा।

7. अनुज उर्फ़ बल्लू रघुवंशी पिता श्यामबाबू रघुवंशी, आयु 24 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-ग्राम-तिनस्या, सिवनी मालवा।

8. संजू उर्फ राजेन्द्र कौशल पिता राधेश्याम कौशल, आयु 39 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-लोधी मोहल्ला, वार्ड नंबर 06 सिवनीमालवा।

9. आकाश उर्फ पिंटोली बाथव पिता ओमप्रकाश बाथव, आयु 31 वर्ष, व्यवसाय मजदूरी, निवासी-वार्ड नंबर 13 कोलीपुरा सिवनी मालवा।

10. गौरव यादव पिता बसंत यादव, आयु 24 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-वार्ड नंबर 06 सिवनीमालवा।

11. आकाश सराठे पिता संतोष सराठे, आयु 33 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-राही चौक वार्ड नंबर 11 सिवनी मालवा।

12. चेतन मराठा पिता संजय मराठा, आयु 23 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी. निवासी देवल मोहल्ला सिवनी मालवा।

13. देवेन्द्र उर्फ छोटू कोरी पिता वीरेन्द्र कोरी, आयु 22 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-गोटियापुरा सिवनी मालवा।

14. संदीप उर्फ राजा कौशल पिता संतोष कौशल, आयु 26 वर्ष, व्यवसाय-मजदूरी, निवासी-गोटियापुरा सिवनी मालवा।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वामी डी.पी. गोयल द्वारा प्रभा काम्पलेक्स के पास, मीनाक्षी चौक, आई.टी.आई. रोड, होशंगाबाद से प्रकाशित तथा श्री बालाजी प्रिन्टर्स, 21-एच, इंडस्ट्रीयल एरिया, गोविन्दपुरा, भोपाल- 462023 (म.प्र.) से मुद्रित। संपादक- डी.पी. गोयल। मो. 9827054436 भोपाल कार्यालय : 4240007. डाकपंजीयन -MP/HSD04/2026-2028 व्यवस्थापक- डी.सी. पारे, मो. 8878623331 Email: amritdarshan@yahoo.com (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र भोपाल रहेगा।)।